आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 183- ● जबलपुर ● मंगलवार, 3 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

एमपी में बाढ़ के हालात



# बाढ़ में इंटरसिटी एक्सप्रेस फंसी, 1500 यात्री संकट में



## सीएम शिवराज ने बुलाई आपात बैठक पूरी रेस्क्यू में मुस्तैदी से जुटने के निर्देश

**भोपाल, शिवपुरी। पाडरखेड़ा क्षेत्र में1500 यात्रियों से भरी हुई इंटरसिटी ए1सप्रेस बाढ़ के पानी में फंस गई है। यह ट्रेन सोमवार को यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। रेलवे की तरफ से स्थानीय प्रशासन से मदद मांगी गई है। यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उधर गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि हरसी डैम सुरक्षित इसके टूटने की खबर महज अफवाह है।**

इधर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज सुबह ग्वालियर.चंबल अंचल में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ को लेकर बैठक ली। सीएम शिवराज ने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण ग्वालियर.चंबल क्षेत्र के 1171 गांव प्रभावित हुए हैंए विशेषकर शिवपुरी.श्योपुर में 800 मिमी बारिश हुई है। अप्रत्याशित बारिश से बाढ़ की स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि कल से ग्वालियर.चंबल अंचल में अधिकारियों के निरंतर संपर्क में हूंए राहत बचाव कार्य सोमवार से ही जारी है। कल ही एनडीआरएफ और एयरफोर्स के बचाव दल को बुला लिया गया है। अब तक 1600 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 200 गांव पानी से घिरे हुए हैंए जहां बोट के जरिए रेस्यू आपरेशन जारी है। सीएम ने कहा कि मेरी सभी कलेक्टर और रेस्क्यू से जुड़े अधिकारियों से चर्चा हुई है। मनीखेड़ा डैम के 10 गेट खोले गए हैं। प्रभावित गांवों को सतर्क किया गया है। लोगों को ऊंचे स्थान पर भेजकर सुरक्षित किया गया है। राहत शिविरों में भोजन की व्यवस्था की गई है। शिवपुरी में कंट्रोल रूम से मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया और यशोधरा राजे नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों की चिंता कर रहे हैं, घबराए नहीं, सरकार आपके साथ है, हम हर पल जनता के साथ खड़े हैं। एयरफोर्स का रेस्क्यू आपरेशन जल्द शुरू होगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं भी जल्द बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरान करने जाऊंगा। शिवपुरी, दतिया, भिंड एवं मुरैना जिलों में अति भारी वर्षा एवं रीवा सतना, सीधी, छतरपुर और पन्ना जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि सावधान रहें एवं वज्रपात की स्थिति में खुद को सुरक्षित करें। यदि आवश्यक ना हो तो यात्राओं को स्थगित कर दें। नदी नालों के पास ना जाएं।

## फटाफट खबरें



### आज अमित शाह से मिलेंगे शरद पवार, सियासी हलचलें तेज

**मुंबई।** संसद के मॉनसून सत्र के बीच राकांपा प्रमुख शरद पवार आज यानी मंगलवार को भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। बता दें कि केंद्र सरकार के खिलाफ जहां कांग्रेस अन्य विपक्षी नेताओं को एकजुट करने का प्रयास कर रही है वहीं एनसीपी और भाजपा नेताओं के बीच नियमित बैठकें कई सवाल उठाती हैं।।

### भारतीय मूल की 11 साल की लड़की नताशा ने लहराया परचम



**वाशिंगटन।** अमेरिकी विश्वविद्यालय ने भारतीय मूल की एक लड़की को दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली छात्रों में से एक घोषित किया है। 11 वर्षीय भारतीय मूल की अमेरिकी छात्रा नताशा पेरी न्यू जर्सी के थेल्मा एल सैंडमीयर एलीमेंट्री स्कूल की छात्रा है। उसे एसएटी और एसीटी मानकीकृत परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। दोनों परीक्षाओं में नताशा पेरी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।

### ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में इतिहास रच सकते हैं विराट कोहली



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की शुरुआत होने में सिर्फ एक दिन बाकी है। दोनों टीमों के दरम्यान टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 4 अगस्त से नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के लिए बेहद खास है। वह बीते कुछ टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। लेकिन इस सीरीज में विराट का इरादा बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया को जीत दिलाने का होगा। इसके अलावा पहले टेस्ट मैच में कोहली का बल्ला चला तो रिकी पोंटिंग का विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं।




# राहुल की बैठक :केजरीवाल -बसपा दूर

## विपक्ष को एकजुट करने की तैयारी, पेगासस, कृषि कानून, मंहगाई पर लड़ाई

**नई दिल्ली।**
पेगासस जासूसी तीनों नए कृषि कानूनों व महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने और बैकफुट पर धकेलने के लिए विपक्ष लंबी लड़ाई पर मंथन कर रहा है। सरकार की मुश्किल बढ़ाने के लिए विपक्षी दल के नेता सदन के बाहर सामांतर संसद चलाने की रणनीति बना रहे हैं और इसके लिए वे सभी राहुल गांधी द्वारा आयोजित चाय.नाश्ते की बैठक में भाग ले रहे हैं। यह बैठक कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हो रही है। आम आदमी पार्टी और बसपा काकोई नेता इस बैठक में नहीं पहुंचा है।



### इन पार्टियों के नेताओं ने लिया बैठक में भाग

कांग्रेसए राकांपा, शिवसेना, राजद, सपा, माकपा, भाकपा, आईयूएमएल, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी आरएसपी केरल कांग्रेस एम झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, टीएमसी और लोकतांत्रिक जनता दल एलजेडी के नेता इस बैठक में भाग ले रहे हैं।

### सरकार पर दबाव बनाने की हर संभव कोशिश

टीएमसी सूत्र ने कहाए पेगासस और किसान आंदोलन मामले में विपक्ष की कोशिश हर वह दांव आजमाना है जिससे सरकार दबाव में आए। अगर प्रमुख विपक्षी दल समानांतर संसद चलाने के प्रस्ताव पर सहमति देते हैं तो इससे न सिर्फ इस मुद्दे को राष्ट्रव्यापी प्रचार मिलेगाए बल्कि इस मुद्दे पर अपनी हठधर्मिता के कारण सरकार बैकफुट पर होगी।

### कांग्रेस को सेल्फ गोल का भी डर

टीएमसी के इस प्रस्ताव पर राहुल ने बैठक तो बुलाई है लेकिन कांग्रेस को इससे सेल्फ गोल का भी डर सता रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपनी राय स्पष्ट नहीं की है। पार्टी को लगता है कि समानांतर संसद चलाने के फैसले के कारण पार्टी आलोचनाओं का शिकार भी हो सकती है।

### साइकिल चला कर पहुंचे ससंद



विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि मेरे विचार से सबसे अहम बात यह है कि हम एकजुट होते हैं। यह आवाज जनता की जितनी एकजुट होगी यह आवाज उतनी ही शक्तिशाली होगी। भाजपा आरएसएस के लिए इसे दबाना उतना ही मुश्किल होगा। इसके आगे राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां आपस में बहस कर सकती हैं। लेकिन पेट्रोल डीजल जैसे मुद्दों पर हम सभी को आवाज उठानी चाहिए। बैठक के बाद विपक्षी एकता दिखाने के लिए विपक्षी दलों के नेता राहुल गांधी के साथ साइकिल से संसद पहुंचे। राहुल गांधी ने बैठक में नेताओं से संसद तक साइकिल मार्च करने का आह्वान किया था। जिसके बाद कई नेता राहुल गांधी के साथ साइकिल चलाकर संसद पहुंचे।

### केंद्र का रुख पेगासस पर कोई चर्चा नहीं

पेगासस जासूसी मामले में सरकार और विपक्ष के बीच का रास्ता निकलने की कोई उम्मीद नहीं है। कार्य मंत्रणा समिति की पिछली दो बैठकों में सरकार ने साफ कर दिया कि वह पेगासस मामले में किसी भी तरह का चर्चा नहीं कराएगी। दूसरी ओर विपक्ष सदन की कार्यवाही चलाने के लिए हर हाल में पेगासस पर चर्चा के साथ इस मामले में सरकार की ओर से जांच की घोषणा करने की शर्त से पीछे हटने केलिए तैयार नहीं है।

### संसद नहीं चलने देना लोकतंत्र और जनता का अपमान- पीएम मोदी



संसद शुरू होने से पहले आज भाजपा संसदीय दल की बैठकआयोजित हुई। बैठक में संसदीय दल के सभी सदस्य मौजूद रहे। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। संसद में विपक्षी दलों के गतिरोध पर प्रधानमंत्री मोदी ने नाराजगी जाहिर की। पीएम मोदी ने कहा संसद को ठप करना लोकतंत्र और जनता का अपमान करना है। संसदीय दल की बैठक समाप्त होने के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि संसद में विपक्षी दलों के सांसदों के व्यवहारों से प्रधानमंत्री नाराज हैं। एक समाचार एजेंसी को प्रह्लाद जोशी ने बताया कि संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष का रवैया बेहद निराशाजनक है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने संसद में बिल पास होने को लेकर जिस तरीके के बयान दिए, उस पर प्रधानमंत्री ने दुख जताया है। पीएम ने कहा कि टीएमसी सांसद द्वारा पापड़ी चाट बनाना एक अपमानजनक टिप्पणी थी। यह उन लोगों का अपमान है जिन्होंने सांसद चुने हैं।

## सांसद डेरेक ओ ब्रायन के चाट पापड़ी वाले बयान पर हंगामा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**
संसद के मानसून सत्र में विपक्ष का हंगामा जारी है। मंगलवार को भी विपक्षी दलों ने भारी हंगामा कियाए जिसके कारण सदन के दोनों सत्रों की कार्रवाई रोकना पड़ी। मंगलवार को सरकार ने टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन के उस ट्वीट पर आपत्ति दर्ज करवाई जिसमें उन्होंने कहा था सरकार संसद में बेहद जल्दबाजी में बिल पारित करवा रही है। औसतन 7 मिनट में कम समय में एक विधेयक पारित कराया जा रहा है क्या हम पापड़ी चाट बना रहे हैं। डेरेक ओ ब्रायन के इस ट्वीट पर संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आपत्ति दर्ज करवाई। इसके बाद लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने इस बयान को संसद का अपमान बताया। यह पहली बार नहीं है जब ब्रायन ने ऐसा बयान दिया।

## सीबीएसईने जारी किया 10वीं का रिजल्ट



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल बोर्ड ने दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी नहीं की है। बोर्ड ने आधिकारिक वेबसाइट पर दसवीं का परिणाम जारी किया है। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए अपना परिणाम देख सकते हैं। कोरोना वायरस के कारण बोर्ड ने इस साल दसवीं की परीक्षाओं को रद्द कर दिया था। दसवीं का रिजल्ट आंतरिक मूल्यांकन पद्धति के जरिए तैयार हुआ है। दसवीं कक्षा के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र फिर से परीक्षा दे सकेंगे। विद्यार्थी उमंग एप और डिजिलॉकर के जरिए भी दसवीं का रिजल्ट देख सकते हैं।विद्यार्थियों को सबसे पहले उमंग एप डाउनलोड करना होगा। छात्र गूगल प्ले स्टोर से उमंग एप डाउनलोड करें। इसके बाद वहां उपलब्ध ऑप्शन में सीबीएसई सिलेक्ट करें और उसके बाद अपना लॉग इन विवरण दर्ज करें। जैसे ही छात्र अपनी डिटेल डालेंगे उनका दसवीं कारिजल्ट खुल जाएगा।

### सेमीफाइनल में भारत हारा

## अब कांस्य पदक की उम्मीद



**टोक्यो।** ओलंपिक्स के सेमीफाइनल में भारतीय टीम 5-2 से हार गई है। इस तरह भारत सेमीफाइनल में तो नहीं पहुंच सकाए लेकिन अब भी कांस्य पदक की उम्मीद कायम है। ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच जो मैच हारेगाए उससे भारत का मुकाबला होगा। यह मुकाबला 5 अगस्त को होगा। बेल्जियम ने मैच में पहला गोल किया। इसके बाद एक समय भारत 2-1 से आगे हो गया था, लेकिन आखिरी में बेल्जियम ने 5-2 से मैच जीत लिया।

पीएम मोदी ने बढ़ाया टीम का हौसला

### जम्मू के कठुआ में हादसा, 5 लोग थे सवार

## चॉपर क्रेश होकर रंजीत सागर झील में गिरा

**जम्मू।** संभाग में कठुआ जिले के बसोहली के पुरथू के नज़दीक भारतीय सेना का एक चॉपर क्रैश हुआ है। बचाव कार्य के लिए टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हो गई हैं। यहां पंजाब.हिमाचल बॉर्डर है, लेकिन जहां चॉपर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, वह क्षेत्र कठुआ जिले में आता है। यहीं रंजीत सागर झील इलाके में सेना की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर हादसा हुआ है। चॉपर में 5 से 6 लोग सवार होने की जानकारी सामने आ रही है। चॉपर ने मामून कैंट से उड़ान भरी थी। जोकि रंजीत सागर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी की वजह से यह हादसा हुआ है।

## चीन से फिर निकल रहा कोरोना, वुहान में फिर मरीज मिलने से हड़कंप



**नई दिल्ली।** चीन के वुहान शहर में एक साल बाद फिर से कोरोना मरीज मिलने से लोगों में दहशत का माहौल है। सरकार ने शहर के सभी लोगों की जांच करने के आदेश दिए हैं। बता दें कि वुहान शहर में एक करोड़ से अधिक लोग रहते हैं ऐसे में कोरोना का नया मामला सामने आने से लोगों में दहशत का माहौल है। वुहान शहर में ही साल 2019 के आखिर में कोरोना संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद से दुनिया के अन्य देशों में इसका संक्रमण फैलने लगा था। इस बीच वुहान के वरिष्ठ अधिकारी ली ताओ ने मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि सरकार एक करोड़ से अधिक आबादी वाले शहर में सभी निवासियों की कोरोना जांच शुरू कर रही है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन में मंगलवार को कोरोना के 61 नए मामले सामने आए थे। बता दें कि चीन के कम से कम 18 प्रांतों में पिछले 10 दिनों में संक्रमण के 300 घरेलू मामले सामने आए हैं। जो एक बार फिर से चीन ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के सामने परेशानी का सबब बन सकती है। बता दें कि वुहान में वायरस संक्रमण फैलने के बाद चीन ने अपने लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया था। साथ ही घरेलू यातायात सुविधाओं को भी बंद कर दिया था और बड़े पैमाने पर कोरोना की जांच के लिए अभियान चलाया गया था। अमेरिकी रिपब्लिकंस द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में दावा किया गया कि समूची दुनिया में कोरोना महामारी फैलाने वाला वायरस चीन की वुहान लैब से लीक हुआ था।

## देश में लगातार तीसरे दिन कोरोना संक्रमण के घटे मामले



**नई दिल्ली, (ऐजेंसी)।**
कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार तीसरे दिन भारी गिरावट दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में 30549 नए केस सामने आए हैं, जबकि 422 लोगों की मौत हुई है। बता दें कि पिछले चार दिनों में कोरोना मरीजों की सं2या 12 हजार कम हो गई है। पिछले हफ्ते कोरोना के आंकड़े 43 हजार के पार पहुंच गए थेए 38ए887 मरीजों को अस्पतालों से डिस्चार्ज कर घर भेजा गया है। राहत की बात है कि नए मामलों में कमी के साथ.साथ ठीक होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। इसके साथ ही देश में ठीक होने वालों की भी संख्या में वृद्धि हो रही है।

### एमपी में अवैध शराब बिक्री पर फांसी का होगा प्रावधान



**भोपाल।** अवैध और जहरीली शराब से लोगों की जान जाने के मामलों को देखते हुए अब शिवराज सरकार कड़ा कदम उठाने जा रही है। अवैध शराब के कारोबार में लगे व्यक्तियों को फांसी और 50 लाख रुपये के जुर्माने का प्रविधान करने के लिए मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम में संशोधन किया जाएगा। इसका प्रारूप मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में प्रस्तुत करने की तैयारी है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकारी दीनदयाल समितियों में शामिल किया जाएगा

## मध्यप्रदेश कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह ग्वालियर चंबल अंचल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ संपर्क कर स्थिति का जायजा लिया गया। रेस्क्यू आपरेशन चलाया जा रहा है। आज सुबह सीएम शिवराज और वे बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने जाने वाले थे, लेकिन खराब मौसम की वजह से यह संभव नहीं हो सका। रेस्क्यू के लिए आए वायुसेना के हेलीकॉप्टर भी खराब मौसम के कारण उड़ान नहीं भर पा रहे हैं, जैसे ही मौसम खुलता है सबसे पहले शिवपुरी जिले में फंसे लोगों रेस्क्यू करने के लिए आपरेशन शुरू किया जाएगा। उधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगरिय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनाव से पहले जमीनी स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सरकार के साथ संलग्न करने के लिए सरकारी दीनदयाल अंत्योदय समितियों के गठन का फैसला लिया है। यह समितियां मध्य प्रदेश के सभी शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गठित की जाएंगी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को इसमें शामिल किया जाएगा।सरकारी दस्तावेजों में चल रही प्लानिंग के अनुसार दीनदयाल अंत्योदय समितियों के सदस्यों का दायित्व होगा कि वह अपने क्षेत्र में हितग्राहियों की पहचान करें और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाए। इसके अलावा समिति के सदस्यों को पावर मिलेगी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी रोकने के लिए मॉनिटरिंग करें। यानी सरकारी स्तर पर लिखा पढ़ी भी कर सकते हैं।

## जब संसद में हरसिमरत कौर ने हेमा मालिनी को थमा दी गेहूं की बाली



**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन और पेगासस कांड समेत कई मुद्दों पर संसद के बाहर और भीतर विपक्षी पार्टियों का हंगामा लगातार जारी है। सरकार को घेरने के लिए लगातार बैठकें हो रही हैं। वहीं कुछ सांसद किसान के मुद्दे पर अपने.अपने तरह से सांकेतिक प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर ने संसद परिसर में भाजपा सांसद हेमा मालिनी को गेंहू की बाली थमा दी और उन्होंने आसानी से ले भी लीं। लेकिन जब उनकी नजर पोस्टर पर पड़ी तो वह झिझकतीं और मुस्कुराती नजर आईं। समाचार एजेंसी एएनआई ने इसका वीडियो जारी किया है।

# डेंगू का कहर अस्पताल हाउसफुल

**जबलपुर। अब डेंगू के डंक ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही मलेरिया रोगी भी बढ़ रहे हैं। चाहे सरकारी हो या निजी अस्पताल सभी डेंगू ,मलेरिया के रोगियों के कारण हाउस फुल हैं। जबलपुर में सरकारी आंकड़ों में 47 मरीज डेंगू के मिल चुके हैं। जबकि निजी चिकित्सालयों में इनसे कहीं ज्यादा मरीज इलाज रत हैं।**



रोज की तरह मंगलवार को भी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ पहुंची। अस्पताल में बुखार, मलेरिया, टायफाइड के साथ ही डेंगू पीड़ित मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। बदले मौसम के कारण डेंगू ने शहर की कई बस्तियों पर एकाएक हमला कर दिया है।विशेष तौर पर शहर के पिछड़े और गंदी बस्तियों में बड़ी मात्रा में डेंगू के मामले निकल कर सामने आ रहे हैं।परिणाम यह है कि सरकारी अस्पताल डेंगू के मरीजों से भरे नजर आने लगे हैं वहीं निजी अस्पतालों में भी बड़ी मात्रा में डेंगू के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।यूं तो अभी तक आधा सैकड़ा मरीजों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है।लेकिन वास्तविकता इससे कई गुनी है।

### बचाव के लिए ली जाने वाली 7 सावधानियां

डेंगू के बुखार को हड्डी तोड़बुखार के नाम से भी जाना जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है। मच्छर के द्वारा संचारित होने वाला यह बुखार कभी-कभी घातक भी सिद्ध होता है। इसके तीव्र लक्षण कभी-कभी कुछ समय बाद देखे या महसूस किए जाते हैं, हालांकि यदि इनकी समय पर पहचान कर ली जाये तब इससे बचाव या उपचार करने में मदद भी मिल सकती है। अक्सर डेंगू के लक्षण सामान्य फ्लू या वायरल बुखार से मिलते जुलते लगते हैं, इसलिए निम्न लक्षणों के आधार पर इनकी पहचान कर ली जानी चाहिए और सही पहचान के लिए तुरंत एक ब्लड टेस्ट करवा लेना चाहिए।

### सामान्य रूप से देखे जाने वाले डेंगू के लक्षण

- मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द

शरीर पर पड़ने वाले लाल निशान जो थोड़े समय बाद ठीक होने के बाद पुन: वापस भी आ जाते हैं

### तेजबुखार

- बहुत तेज सिर दर्द
- आँखों के पीछे दर्द

### उल्टी आना और चक्कर महसूस होना

यदि आप इनमें से कोई भी लक्षण महसूस करते हैं तब तुरंत सलाह के लिए डॉक्टर के पास जाएँ और आवश्यक इलाज शुरू करवा दें। केवल एक अच्छा डॉक्टर ही डेंगू से बचाव के हेल्दी उपाय के बारे में आपको बता सकता है। जैसे कहा भी कहा गया है कि उपाय की तुलना में बचाव अधिक अच्छा होता है, तो आइये देखते हैं कि कैसे डेंगू इन्फेक्शन से बचा जा सकता है और इस बीमारी से बचाव करते हुए एक हेल्दी लाइफस्टाल को जिया जा सकता है।

### डेंगू से बचाव के उपाय

- स्वच्छता में ही भगवान बसते हैं

अपने रहने की जगह और उसके आस पास के इलाकों में सम्पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। अपने आसपास की जगहों को साफ करके रखने से आप मच्छरों को सरलता से दूर रख सकते हैं।

### पानी को किसी जगह इकट्ठा न होने दें

किसी जगह पर रुके हुए पानी में मच्छर पनप सकते हैं और इसी से डेंगू भी फैल सकता है। जिन बर्तनों का लंबे समय तक इस्तेमाल नहीं होना हो उनमें रखे हुए पानी को नियमित रूप से बदलते रहें । गमलों के पानी को हर हफ्ते बदलते रहें। मेनहोल, सेप्टिक टैंक, रुकी हुई नालियाँ और कुएं आदि जगहों को नियमित रूप से चेक करते रहें।

### मच्छर मारने वाली मशीन और जाली का उपयोग

मच्छरों से बचाव के लिए सबसे पहले तो जब भी आप घर से बाहर जाएँ मच्छर से बचाव वाली क्रीम का उपयोग करें और सोने से पहले मच्छरदानी को अच्छी तरह से सेट कर लें।

### प्रारम्भिक लक्षणों को अनदेखा न करें

यदि आप यहाँ बताए गए किसी भी लक्षण को देखते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और बताए गए उपचार का निर्देशानुसार पालन करें।

### लंबी पैंट और पूरी बाजू की शर्ट पहने

अपनी त्वचा की सतहों को ढकने और मच्छर के दंश की संभावना को कम करने के लिए लंबी पैंट और पूरी बाजू की शर्ट पहनने की कोशिश करें। डेंगू के मच्छर सुबह या शाम को अत्यधिक सक्रिय होते हैं, इसलिए ऐसे समय में बाहर निकलने से बचने की कोशिश करें।

# मंगलकारी त्रिवेणी संयोग में मनाई जाएगी नागपंचमी

**जबलपुर।** । शिव के प्रिय श्रावण मास के प्रमुख त्योहारों में से एक नाग पूजन का पर्व नाग पंचमी 13 अगस्त को होगा। इस दिन कार्य में सफलता देने वाला मंगलकारी रवि योग के साथ मंगलकारी हस्त व चित्रा नक्षत्र का त्रिवेणी संयोग बनेगा। इस शुभ संयोग में काल सर्प दोष से मुक्ति के साथ सुख-समृद्धि की कामना से नाग देवता का दूध से अभिषेक और पूजन होगा। मंदिर में विशेष शृंगार किया जाएगा। हालांकि पिछले साल की तरह इस साल भी दर्शन की व्यवस्था कोरोना प्रोटोकाल के मुताबिक होगी।



ज्योर्तिविद्ों ने बताया कि श्रावण शुक्ल पंचमी की शुरुआत 12 अगस्त गुरुवार को को दोपहर 3.25 से होगी जो अगले दिन 13 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 1.42 बजे तक रहेगा। उदया तिथि में पंचमी 13 अगस्त को रहेगी। इसके चलते इस दिन नाग पंचमी का पर्व एक मत से मनाया जा रहा है। इस दिन कार्य में सिद्धि देने वाला रवि योग सुबह 6.58 से अगले दिन 14 अगस्त को सुबह 6.57 बजे तक रहेगा। इसके अतिरिक्त 12 अगस्त गुरुवार को हस्त नक्षत्र सुबह 10.10 बजे शुरू होकर अगले दिन 13 अगस्त को नाग पंचमी के दिन सुबह 9.07 तक रहेगा। इसके बाद चित्रा नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा, जो अगले 14 अगस्त को सुबह 7-57 बजे तक रहेगा।

**काल सर्प दोष से मिलती मुक्ति,**

### स्वर्ण, रजत, काष्ठ के नाग बनाकर होता पूजन

ज्योर्तिविदों के मुताबिक नाग पंचमी पर काल सर्प दोष से मुक्ति के साथ ही सुख-समृद्धि की कामना से नाग देवता का पूजन किया जाता है। इस दिन प्रतीकात्मक नाग देवता को दूध से स्नान व पूजा करने का विधान है। इस दिन व्रत के साथ एक बार भोजन करने का नियम है। नाग मंदिर, बाम्बी या घर पर नाग पूजन किया जाता है। स्वर्ण, रजत, काष्ठ का नाग बनाकर उसकी दूध, दही, दूर्वा, पुष्प, अक्षत, धूप, दीप एवं विविध नैवेद्य से पूजा की जाती है।

### इसलिए खास रवियोग और हस्त-चित्रा नक्षत्र का संयोग

ज्योर्तिविदों के अनुसार रवि योग को सूर्य का अभीष्ट प्राप्त होने कारण प्रभावशाली योग माना जाता है। सूर्य की उर्जा समाहित होने से अनिष्ट की आशंका समाप्त होकर कार्य में सफलता मिलती है।

इस तरह 27 नक्षत्रों को शुभ, मध्यम और अशुभ की श्रेणी में बांटा गया है। इसमें 15 नक्षत्र शुभ की श्रेणी में आते हैं। इनमें हस्त व चित्रा नक्षत्र शामिल है।




# कृषि विवि में 400 को लगा टीका

जबलपुर । महामहिम राज्यपाल राजभवन भोपाल के निर्देश के परिपालन में कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में चल रहे वर्क प्लेस कोविड़-19 टीकाकरण सत्र के पांचवे दिन 400 से अधिक हितग्राहियों को टीका लगा। आज 500 डोज प्राप्त हुए। अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों के शत-प्रतिशत टीकाकरण हेतु सत्र को आगामी शनिवार तक एक सप्ताह के लिये बढ़ा दिया गया है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्री अषोक रोहाणी ने यहां निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवष्यक निर्देष दिए। व्यवस्थापक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने शत-प्रतिशत टीकाकरण योजना की विस्तृत रिपोर्ट पेष की। इस मौके पर वीर सावस्कर मंडल के अध्यक्ष विनोद केवट गुड्डा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुल्लू दुबे, पूर्व एम.आई.सी. सदस्य सर्वेष मिश्रा, पूर्व पार्षद प्रदीप यादव, भाजपा नगर मंत्री बाबा श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष बब्लू बैरागी, कर्मचारी संघ के पूर्व महासचिव रमाकान्त मिश्रा, कृषि नगर बूथ अध्यक्ष नितिन आनंद आदि शामिल रहे।

# ..भैया हमारा कोच नंबर बता दो डिस्प्ले में चल रही गलत जानकारी

## रीवा इंटरसिटी के आगे पीछे घूमते रहे परेशान यात्री

***जबलपुर यश भारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 में यात्रियों के बीच उस समय असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई जब जबलपुर से रीवा जाने वाली इंटरसिटी खड़ी हुई थी और प्लेटफार्म में लगा डिस्प्ले बोर्ड गलत जानकारी दे रहा था यात्री अपना कोच तलाशने के लिए ट्रेन के आगे पीछे घूमते रहे और लोगों से पूछते नजर आए कि भैया हमारा कोच बता दो कहां पर लगा हुआ है इस संबंध में जानकारों ने बताया कि इंक्वायरी सिस्टम में ट्रेन नंबर व समय अपडेट नहीं किया जा रहा है। ऐसे में गलत जानकारी डिस्प्ले होने से यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। ट्रेनों की टाइमिंग, कोच पोजिशन और एनाउंसमेंट में आए दिन गड़बड़ी हो रही है। स्टेशन में इस प्रकार की गड़बड़ी आम बात हो गई है। बावजूद स्टेशन प्रबंधन इस गड़बड़ी को रोकने के लिए कोई पहल नहीं कर रहा है। इंक्वायरी काउंटर पर मौजूद कर्मचारी डिस्प्ले और अनाउंसमेंट करता है, जबकि डिस्प्ले बोर्ड के अनुसार कोच पोजिशन की गलत रहती है ऐसे में डिप्टी स्टेशन मास्टर और इंक्वायरी ऑपरेटर के बीच कम्युनिकेशन नहीं होने के कारण गलत जानकारी डिस्प्ले हो रही है।



### *यह कोई पहली समस्या नहीं*

इस संबंध में रेल यात्रियों ने बताया कि डिस्प्ले बोर्ड में संबंधितों की लापरवाही का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है रेल यात्रियों ने बताया कि इस तरह की कोई पहली समस्या नहीं है आज दिन इस लापरवाही के कारण यात्री स्टेशन में परेशान होते रहते हैं।

## रास सांसद विवेक तन्खा ने पूछा सवाल

# जनजातिय क्षेत्रों में कहां हुआ कौशल विकास

**जबलपुर।** राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा राज्यसभा में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से कुछ प्रश्न पूछे। इसमें श्री तन्खा ने पूछा कि क्या सरकार की जनजातियां क्षेत्रों में कौशल विकास हेतु कोई विशेष योजना का प्रस्ताव है और यदि है तो राज्य वार और जिला वार आवंटित तथा उपयोग की गई निधि सहित इस संबंध में ब्यौरा क्या है। श्री तन्खा के इस सवाल पर श्री प्रधान ने जवाब दिया कि सरकार ने देश भर में जनजातिय लोगों के समग्र विकास के लिए बहुआयामी कार्यनीति अपनाई है जिसमें कौशल प्रशिक्षण के लिए सहयोग शामिल है। उन्होंने बताया कि आदिवासी समुदाय सहित समाज के सभी वर्गों के युवाओं को अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीआई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम और राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) कार्यान्वित कर रहा है और दीर्घावधि प्रशिक्षण के लिए शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएम) कार्यान्वित कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से वर्ष 2020-21 तक पीएमकेवीवाई में 4.19, जेएसएस में 1.22 लाख अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार प्रशिक्षित हुए जबकि एनएपीएस में वर्ष 2016 से 2021 तक 0.89 लाख उम्मीदवार प्रशिक्षित हुए। वहीं सीटीएस में 2.90 लाख उममीदवारों का नामांकन हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसटी के लिए कोई विशेष योजना नहीं है, तथापित विभिन्न कौशल विकास स्कीमों के तहत आदिवासी उम्मीदवारों को जेएसएस एवं सीटीएस के तहत लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जेएसएस स्कीम में एससी एसटी, दिव्यांग और बीपीएल श्रेणी के लाभार्थियों के कोर्स फीस माफ की जाती है जबकि सीटीएस स्कीम में राज्य संघ की नीति के अनुसार लाभ दिए गए है।



### मप्र का भी दिया गया ब्यौरा

पीएमकेवीआई 2.0, 3.0 के सीएसएमएम घटक के तहत एसटी घटक में निधियों के आवंटन और जारी निधि का 37 राज्य संघ वार ब्यौरे प्रस्तुत किए गए। पीएमकेवीआई 2.0 में मप्र को 9,244.70 लाख रुपए का संशोधित आवंटन जारी किया गया।



## हम फाउण्डेशन दायित्व ग्रहण समारोह

# जबलपुर जिले की कार्यशाला का भी आयोजन

**जबलपुर।** हम फाउण्डेशन महाकौशल प्रांत जबलपुर जिले की कार्यशाला का आयोजन स्थानीय होटल राजवंश में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलन, हम फाउण्डेशन गीत से हुआ। कार्यशाला को राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. विद्याधर मातेले, राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी, प्रदेश संरक्षक एड. उमाकांत शर्मा ने संबोधित किया। सेवानिवृत्त आईएएस पूर्व कटनी जिला कलेक्टर श्रीमती अंजूसिंह बघेल को हम परिवार की सदस्यता प्रदान की गई। महाकौशल प्रांत संरक्षक के रूप में उन्हें दायित्व सौंपा गया। जिला कार्यकारिणी एवं उपस्थित 20 शाखाओं के अध्यक्ष, सचिवों को प्रांतीय अध्यक्ष प्रमेश शंकर शर्मा एवं महासचिव जगदीश दुबे ने दायित्व की शपथ दिलाई। अतिथियों द्वारा सभी दायित्वधारियों को संगठन का साहित्य प्रदान किया गया। सभा का संचालन जिला अध्यक्ष मदन ठाकरे एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। अतिथियों का परिचय प्रदेश संस्कार सेवा प्रमुख श्रीमति सारिका अग्रवाल एवं स्वागत भाषण राष्ट्रीय वित्त महामंत्री डॉ. अनूप तिवारी ने दिया। अतिथियों का स्वागत रोली तिलक से जिला महिला सहभागिता प्रमुख सुश्री सुषमा साही ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शालीन ढींगरा, प्रदेश महिला सहभागिता प्रमुख डॉ. मुकुल तिवारी, प्रदेश महामंत्री (गतिविधि) अशोक सकरडे, प्रदेश सह संपर्क प्रमुख राकेश त्रिवेदी, प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजी. प्रभात दुबे, समग्र ग्राम विकास प्रमुख अयोध्या प्रसाद सतनामी, प्रांतीय पर्यावरण संरक्षण प्रमुख डी.पी. राय, प्रांतीय विधि प्रकोष्ठ प्रमुख जयेश सिंह राठौर, जिला संरक्षक बीपी गौतम, जिला उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला, जिला संगठन मंत्री डॉ. रोहित आचार्य, जिला सेवा प्रमुख राहुल सिंह सहित जिले की 20 शाखाओं के अध्यक्ष सचिवों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभा का समापन राष्ट्रगन पश्चात प्रीतिभोज से हुआ।

# आशीष त्रिपाठी बनाए गए एमआरपी युमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जबलपुर । महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी युवा मोर्चा की बैठक रानीताल स्टेडियम के यूथ हॉस्टल में आयोजित की गई । जिसमें पार्टी के अध्यक्ष डॉ सतीश नाग मुख्य अतिथि रहे ।**



श्री नाग ने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मोर्चा की नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आशीष त्रिपाठी सन्यासी को पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिए और आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस जो कि सिवनी में 9 अगस्त को मनाया जाएगा । और 18 सितंबर 2021 को राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस को भव्य रुप से जबलपुर में मनाया जाएगा एवं पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया । महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी युवा मोर्चा आशीष शुक्ला ने निर्देशित किया । जबलपुर जिले के 79 वार्डो में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूत करने एवं नगर निगम चुनाव की तैयारी करने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सतीश नाग, आशीष शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी युवा मोर्चा इंद्र कुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष त्रिपाठी सन्यासी, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा सुमित तिवारी, संभागीय अध्यक्ष जबलपुर संभाग युवा मोर्चा रत्नेश दुबे, संभागीय संगठन मंत्री प्रतीक साहू, जिला अध्यक्ष मंगल शेखावत खान, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा यशवर्धन मिश्रा, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष युवा मोर्चा आकाश दुबे आदि अनेकों कार्यकर्ता मुख्य रुप से बैठक में शामिल हुए ।















# पंडित रविशंकर शुक्ला की जयंती पर पुष्पांजलि

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के यशस्वी भावी प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल जी की जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस सेवादल द्वारा सिविल लाइन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई । शहर अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गयावरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन तिवारी,पूर्व पार्षद भगत राम जी, महिला विगं की अध्यक्ष एड.मीनाक्षी स्वामी यूथ विंग के अध्यक्ष-यतेंद्र सोनी, एन एस यू आई के अध्यक्ष विजय रजक,नगर कांग्रेस के प्रवकता-राजा पांडे,सेवादल प्रवकता-जितेन्द्र यादव सह संयोजक-अरुण पवार, वरिषठ कांग्रेसी मुन्ना सेन,ब्लाक अध्यक्ष-उमेश पटैलब्लॉक अध्यक्ष-मोनिका सिंह ब्लॉक अध्यक्ष-रीना विश्वकर्माएड.संजय श्रीवास्तव,विजय जयसवाल,विष्णु विनोदिया,राकेश चक्रवर्ती विकास जाट, इत्यादि उपस्थित रहे।



## रक्तदान शिविर का आयोजन

# 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**जबलपुर।** साहू युवा संस्था साहू समाज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का रक्तदान शिविर संपन्न जबलपुर । दीनदयाल चौक स्थित स्वास्तिक हॉस्पिटल में साहू युवा संस्था साहू समाज एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । कोरोना महामारी के चलते मरीजों को रक्त की आवश्यकता को देखते हुए इस शिविर में 35 से 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ।शिविर में मुख्य रुप में आईएमए के सचिव डॉक्टर दीपक साहू ,अस्पताल संचालक कृष्ण कांत साहू , पूर्व महापौर प्रभात साहू, साहू युवा संस्था अध्यक्ष दीपक साहू ,साहू वैश्य नगर सभा के अध्यक्ष राधेश्याम साहू ,खुशी लाल साहू, रमेश साहू , सुधीर , डॉक्टर संजीव वड़खड़े , डॉ डीके तिवारी ,डॉक्टर बृजेश चौधरी, डॉक्टर पूजा श्रीवास्तव ,डॉक्टर अमन साहू ,डॉ अनुराग साहू ,डॉक्टर पुरुषोत्तम साहू, राहुल साहू , डॉक्टर सरिता साहू,धीरज ,राजकुमार, गोलू ,अमित, एकता, उल्का , सीमा , दिलीप साहू आदि का सहयोग रहा।



# भूतों के स्वामी भगवान भूतभावन भोलेनाथ का किया महारुद्राभिषेक

***जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ, सम्पूर्ण ब्राह्मण मंच, सम्पूर्ण हिंदू श्रंखला चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में मां मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के नेतृत्व में भगवान भूतभावन शिव जी का अभिषेक किया गया।भगवान शिव के महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण करते हुए द्वितीय श्रावण सोमवार का पर्व मनाया।इस दौरान जबलपुरवासियों ने घर बैठे ही लाइव प्रसारण के माध्यम से अभिषेक के दर्शन किए। व्यापारी संघ अध्यक्ष धनंजय वाजपेई चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शशांक, ब्राह्मण मंच वरिष्ठ समाजसेवी पं यदुवंश मिश्रा, प्रकाशचंद्र साहू, मंदिर पुजारी,सौरभ पंडा, ईशांत पारधे, ओमप्रकाश प्रजापति,सौरभ पटेल आदि का अभिन्न सहयोग रहा।



# पेट्रोल डीजल को जीएसटी में लाने युवक कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान प्रारंभ

**जबलपुर।** बेहिसाब बढ़ती पेट्रोल डीजल की मूल्य दरों को कम करने के विरोध आंदोलन में युवक कांग्रेस द्वारा पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने को लेकर एक वृहद स्तर पर पोस्टकार्ड अभियान प्रारंभ किया गया। यह अभियान पुराने बस स्टैंड से शुरू हुआ. जिसमें पांच लाख पोस्टकार्ड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर जनता से भरवाए जाएंगे। इस लक्ष्य को शहर की चारों विधानसभाओं के पेट्रोल पंप,मार्केट व रहवासी क्षेत्रों में जाकर पूरा किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा से कम से कम 1 लाख पोस्टकार्ड भरे जाएंगे इस पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत विधायक लखन घनघोरिया. विनय सक्सेना एवं कार्यकारी शहर अध्यक्ष मतीन अंसारी की उपस्थिति व युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितिन राज एवं जिला प्रभारी शावस्त बुंदेला के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोज नामदेव, शुभम भोहित, अयाज राजू, रघु तिवारी, मुन्नू पंडा महेश पटेल दिलीप चमकेल, गणेश कोरी, अंशुल राजपूत, ललित चौधरी, दुर्गेश सतनामी, विनय कछवाहा,नितिन सिंह, अक्कू शर्मा, राज विश्वकर्मा, आसिफ इकबाल फिज्जू खान, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






## विजन जबलपुर पुलिस का संयुक्त जागरूकता अभियान पखवाड़ा

# गो कोरोना का शुभारंभ

**जबलपुर।** विजन जबलपुर का हमेशा सराहनीय योगदान रहा है। विजन जबलपुर के द्वारा कोरोना की तीसरी लहर को लेकर आज 3 अगस्त से 17 अगस्त तक 15 दिवसीय जगारूकता अभियान पखवाड़ा चलाया जायेगा, जिसकी सराहना करता हूँ, वर्तमान समय मे इसकी बहुत ही आवश्यकता है, इसका मुख्य उद्देश्य संस्कारधानीवासियों को मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करने हेतु जागरूक करना है। यह कहना था पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ बहुगुणा का और अवसर था, कोरोना की तीसरी लहर से लोगों को बचाने और संक्रमण से बचने सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विजन जबलपुर, पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान पखवाड़ा '' गो कोरोना '' का शुभारंभ का। पुलिस कन्ट्रोल रूम जबलपुर में इस अभियान का शुभारंभ गरिमामय माहौल में किया गया। इस मौके पर केंट विधायक अशोक रोहाणी के मुख्यातिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सिद्धार्थ बहुगुणा की अगुवाई में एक रैली का शुभारंभ किया गया जिसे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अपने संबोधन के दौरान अशोक रोहाणी ने कहा कि विजन जबलपुर ने कोरोना काल में समय-समय पर प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करते हुये संस्कारधानी वासियों को जागरूक किया है जिसका लाभ देखने को भी मिला है। 15 दिवसीय जगरूकता अभियान के दौरान जहॉ भी आये जायें कोरोना की दूसरी लहरी में क्या-क्या परेशानियॉ आयी थी इस सम्बंध में अवश्य बतायें। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री रोहित काशवानी एवं विजन जबलपुर के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सहित 40 सदस्यगण उपस्थित थे।



### स्लोगन से करेंगें जागरूक

रैली में विजन जबलपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर उसमें कोरोना से बचाव के स्लोगन थे जिसमें लोगों को मास्क और सोशल डिस्टिंसिग का महत्व इस जागरूकता अभियान पखवाड़े के अंर्तगत समझाया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन शहर के सभी थानाक्षेत्रों में किया जायेगा। जिसमें आम जनता को कोरोना से बचाव के तरीके और संक्रमण की चपेट में आने पर चिकित्सा संबंधी सुझाव दिये जायेगें।

### यह दिये जा रहे सुझाव

विशेष दायित्व है कि कोरोना प्रोटाकॉल का सख्ती से पालन करते हुये जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें, बच्चों और बुजुर्गो को अनावश्यक घर से बाहर न जाने दें, जब भी घर से बाहर निकलें मास्क अनिवार्य रूप से लगाये, फिजिकल डिस्टेंस दो गज की दूरी के नियम का कडाई से पालन करें, भीड का हिस्सा न बनें, समय समय पर हाथ को साबुन पानी से धोयें एवं सैनेटाईज करें, सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने जैसे लक्षण होने पर तुरंत निकटतम फीवर क्लीनिक में जाकर जांच करायें।

## निगमीकरण का असर

# खमरिया के एक्सप्लोसिव वेन से टोल वसूली

**जबलपुर यशभारत।** सरकार ने अभी सिर्फ नीतिगत आयुध निर्माणियों के निगमीकरण की घोषणा की है।अभी भी वह रक्षा मंत्रालय के तहत स्वामित्व और नियंत्रणाधीन है।जिसके चलते अभी आयुध फैक्ट्रियों के वाहन सरकारी होने के बाद भी उनसे टोल टैक्स की वसूली शुरू कर दी है।ऐसी ही परिस्थिति गत दिवस पैदा हो गई जब खमरिया फैक्ट्री के विस्फोटक लदे वाहन को दुर्ग के पास टोल प्लाजा पर यह कहते हुए रोक लिया कि अब आयुध फैक्ट्रियां सरकारी नहीं रह गई हैं वो निगम बन गई है।लिहाजा टोल टैक्स तो देना ही होगा वरना गाड़ी आगे नहीं बढ़ेगी।टोल कर्मचारियों के इस व्यवहार से वाहन मे सवार सरकारी अधिकारी और ड्राइवर परेशान हो गए लेकिन उन्होंने एक नहीं मानी।




प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया फैक्ट्री का वाहन क्रमांक एम पी 20 जी बी3664 बमों की खेप लेकर उड़ीसा के बालासोर परीक्षण केन्द्र गया था।बमों के परीक्षण रिपोर्ट के साथ जब उक्त वाहन वापिस आ रहा था तभी दुर्ग के पास टोल नाके पर उसे रोग लिया गया और टोल टैक्स की मांग की गई।वाहन के साथ गएफैक्ट्री के अधिकारी और वाहन चालक परेशान हो गए।उन्होंने तर्क दिया कि सरकारी वाहन टोल टैक्स से मुक्त हैं।लेकिन टोल कर्मी मानने तैयार नहीं थे।उनका कहना था कि आयुध फैक्ट्रियां अब सरकारी नहीं रह गई हैं।वे निगम बन गई हैं लिहाजा टोल टैक्स तो देना ही होगा।लगभग तीन घंटे तक बहस चलती रही बात पुलिस थाने तक जाने की पहुंच गई।बाद में वाहन में बैठे अधिकारी ने आगे परेशानी से बचने के लिए किसी तरह12सौ रुपये जुटाए और वाहन को मुक्त करा कर फैक्ट्री लाये।

**दुर्ग के पास तीन घंटे रोके रखा12सौ रु.लेकर छोड़ा**

इधर सवाल यह है कि12सौ रुपये कौन देगा।क्या इसे फैक्ट्री वहन करेगी या अधिकारी ड्राइवर को चपत लगेगी।क्योंकि फैक्ट्री से ऐसे किसी खर्च का प्रावधान ही नहीं है।ताज्जुब की बात यह है कि अभी आम आदमी भी निगम और सरकार में अंतर नहीं समझ पाया और जिन्हें वसूली करना है वे अभी से इसका अर्थ समझने लगे।

# लखनलाल सोनी महामंत्री चुने गये

जबलपुर। सीक्यूए (डब्ल्यू) जीसीएफ जबलपुर में एआईडीईएफ की वर्कर्स यूनियन के महामंत्री का चुनाव कराये गये थे। जिसमें यूनियन के लखनलाल सोनी को सर्व सम्मति से सीक्यूए (डब्ल्यू) जीसीएफ में महामंत्री चुना गया एवं जेसीएम चार के प्रतिनिधित्व के लिए बीएल बरकड़े को प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया। लखन सोनी छात्र जीवन से ही सक्रिय छात्र नेता रहते हुए जिला एवं प्रदेश स्तर पर छात्रों का प्रतिनिधित्व किया एवं ट्रेड यूनियन से जुड़े रहते हुए समय समय पर विभिन्न मजदूर आंदोलन में भाग लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। वर्तमान में लखन लाल सोनी जीसीएफ को- ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के निर्वाचित सदस्य एवं सीक्यूए (डब्ल्यू) में एआईडीईएफ की वर्कर्स यूनियन की तरफ से जेसीएम चार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लखन सोनी के महामंत्री चुने जाने पर एआईडीईएफ के एडिशनल जनरल सेक्रेटरी व्ही गुहा ठाकुरता, वरिष्ठ श्रमिक नेता सुजाय बैनर्जी, ए के नायक, जी एस नंदी एवं डीजीक्यूए जेसीएम 3 के सदस्य सीपी रजक यूनियन के अध्यक्ष ए के देव, राजेश विश्वकर्मा, जितेन्द्र सिंह, शरद पैगवार ने बधाई दी है।



# अज्ञात शव की पहचान में जुटी जीआरपी

***जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के आगे कोचिंग डिपो के पास कटनी छोर पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव रिसीविंग लाइन नंबर एक पर खड़ी बोगी के नीचे पाया गया है जिसकी उम्र लगभग 40 45 साल बदन इकहरा गुलाबी रंग की टीशर्ट जिसकी कॉलर सफेद है पाया गया है मृतक के दाहिने पैर में चोट है एवं पैर में सूजन है जीआरपी ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।



# निकली भगवान श्रीगुप्तेश्वर महादेव की शाही सवारी यात्रा

जबलपुर। सावन के दूसरे सोमवार पर उज्जैन महाकाल की तर्ज पर निकाली जानेवाली भगवान की श्रीगुप्तेश्वर महादेव जी की शाही सवारी यात्रा, कोविड नियमों को पालन करते हुए,सादगीपूर्ण तरीके के साथ निकली गईशाही सवारी यात्रा के संरक्षक गोलोकवासी जगत् गुरु डॉ.स्वामी श्यामदेवाचार्य जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिती मे, गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉ स्वामी मुकुंददास महाराज जी के अध्यक्षता व सानिध्य में निकली। *पालकी का पूजन- गुप्तेश्वर भगवान एवं पालकी का पूजन विधि-विधान से आचार्य पं.योगेन्द्र त्रिपाठी, ने शाही सवारी यात्रा के संयोजक पं. द्वारिका प्रसाद मिश्रा,पंकज पाण्डे, रघुवीर भंडारी के द्वारा संपन्न कराई गई,शाही सवारी यात्रा में पं.बसंत मिश्रा,एड.राजेश तिवारी,जगजीवन कपिल,हिमेन्द्र राजा रजक, लोकेश गुप्ता,उत्कर्ष रावत, कमलेश जायसवाल,अनुज तिवारी, मनीष राजविज,आदि उपस्थित रहें ।



## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

# कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को शामिल नहीं किया जाय

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में आज स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रिजु बाफना, अपर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, राजेश बाथम, श्री शेरसिंह मीणा, सुश्री विमलेश पन्द्रों सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त हर्षोल्लास के साथ गरिमामय रूप कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाया जाये। कोविड को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर जिले का मुख्य समारोह राईट टाउन स्थित पं. रविशंकर शुक्ल क्रीड़ांगन में आयोजित किया जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा तथा पुलिस, होमगार्डस, एस.ए.एफ इत्यादि द्वारा परेड किया जायेगा। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन किया जायेगा। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि मुख्य समारोह के पहले सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि स्वत्रंतता दिवस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को शामिल नहीं किया जाये। प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था के साथ मास्क, सेनेटाइजर की अनिवार्य व्यवस्था हो साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखा जाये। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर 14 एवं 15 अगस्त की रात में प्रकाश व्यवस्था हो। इस पर होने वाले व्यय संबंधित विभाग अपने बजट से करें।कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मानित किया जाये। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा स्टेडियम में जाकर पुलिस व तहसीलदार व नगर निगम के अधिकारी व्यवस्था देखें। परेड की तैयारी सुनिश्चित करायें। मंच, ग्राउंड, पेयजल, साफ-सफाई आदि सभी व्यवस्था अच्छी हो। परेड की रिहर्सल करें लेकिन सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे। एनसीसी के बड़े बच्चे कार्यक्रम में आ सकते हैं। इस दौरान बैठक आमंत्रण कार्ड, उद्घोषणा की व्यवस्था, पुरस्कार आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्री शेरसिंह मीणा को बनाया गया है।






# रोटरी क्लब जबलपुर वेस्ट का 47 वां इंस्टॉलेशन

जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर वेस्ट का 47 वां इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि डॉ संजय मिश्रा , गेस्ट ऑफ ऑनर पीडीजी उमाकांत शर्मा और स्पेशल गेस्ट एजी निशित जैन। नए कार्यकारिणी के अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा सचिव शैलेश सोनी ने पदभार लिया।क्लब के अन्य सदस्य डॉक्टर सुनील बहल ,दीपक जैन ,निर्मल सिंह परिहार, हीरा कांत महाराज आदि उपस्थित रहे। नए अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने रोटरी के नए साल के लिए मुख्य रूप से कोर वैल्यू ऑफ रोटरी जिसमें सेवा और फेलोशिप साथ ही रोटरी के 7 विशेष कार्य क्षेत्र जिसमें बुनियादी शिक्षा, वातावरण को सहारा और मातृ तथा शिशु देखभाल पर विशेष रूप से काम करने का निश्चय लिया।

# पठनशील नहीं अध्ययनशील बनिये :आचार्य श्री

जबलपुर। दयोदय तरर्थ में आचार्य श्रीविद्यासागर महाराज ने कहा आप अध्ययन उसे कहते हैं जो आपने पढ़ा है, सुना है, आपको पढ़ाया गया है और उसे अपने अध्ययन के रूप में स्वीकार किया है। क्या यह अध्ययन है? अत्यंत गहराई में उतर कर तलस्पर्शी ज्ञान को अध्ययन शोध कहते हैं , तलस्पर्शी का अर्थ होता है अंत:स्थल में जाकर देखना समझना और ज्ञात करना। आज भले ही इसे हम अध्ययन कह देते हैं , परंतु तलस्पर्शी ज्ञान को प्राप्त करना बहुत कठिन होता है, बहुत कम संख्या में लोगों को यह उपलब्धि होती है । अर्थहीन है वह अध्ययन जिसके अंतर्गत पढ़ना, पढ़ाना आदि माना जा सकता है और उसमें अध्ययन का पुट लग जाता है लेकिन गहराई में पहुंचने का प्रयास लोग नहीं करते । आचार्य श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे चाय की पत्ती को उबालकर जो पानी बचता है उसमें चाय का तत्व आ जाता है , चाय की पत्ती ज्यों की त्यों रह जाती है और पत्ती फैकने योग्य हो जाती है, उसका सार निकल जाता है यह अध्ययन से ज्ञात हुआ अन्यथा चाय की पत्ती रखी रहे , मालूम तो होता है कि यह चाय की पत्ती है लेकिन उसका कोई उपयोग कैसे हो ज्ञात नहीं होता तो बे काम है । कर्म के विषय में यह विवेचना किया गया है कि कर्म कहते तो हैं लेकिन कर्म का क्या काम है वह व्यक्ति कर्म सिद्धांत के अध्ययन कर ले तो उसे अच्छा ज्ञान मिलेगा । पढ़ने पढ़ाने से कुछ नहीं होता अध्ययन शोध से ज्ञान होता है, दवाई अलग वस्तुएं है दवा का निर्माण अलग वस्तु है। निर्माण के पश्चात यह महत्वपूर्ण है कि दवा का अध्ययन कितना किया गया उसमें क्या और कितना शुद्ध मिला है उसकी जानकारी नहीं होने से हम निश्चित नहीं होते कि यह उपयोगी होगी या नही ।



अच्छे कर्म के परिणाम भी अच्छे हैं बुरे कर्मों के अध्ययन मंथन से हमें समझ आ जाता है कि अब यह दोबारा गलती नहीं करना चाहिए अत: हम इस तरह उससे दूर हो सकते हैं । आचार्य श्री ने कहा कि किसी की मृत्यु हो जाने पर सारा परिवार उसे याद कर उलझा रहता है लेकिन वह नश्वर शरीर का त्याग कर मुक्त हो जाता है नवजीवन में उसे कुछ भी याद नहीं रहता कि हम कौन थे , क्या थे पहले उसका आप से संबंध छूट गया उसके जीवन में दूसरा कर्म आ गया लेकिन आप मोह के कारण बने रहते हैं कर्म सिद्धांत को जानते हुए हम उसके साथ मोह रखते हैं लेकिन वह अब आपके लिए कुछ नहीं कह रहा ना कर रहा एक बार जो चला गया उससे मोह नहीं रखना चाहिए।

# मुंशी प्रेमचंद की 141वीं जयंती पर पमरे मुख्यालय में संगोष्ठी

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय जबलपुर के राजभाषा विभाग द्वारा उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की 141वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक परिचर्चा/संगोष्ठी का अयोजन किया गया एवं प्रेमचंद के साहित्य पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिसमें रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उत्साह से भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक इजीं तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रेमचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विविधत शुभारंभ किया। आमंत्रित विशिष्ट आतिथि वक्ता उप मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं साहित्यकार बसंत कुमार शर्मा ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं उनके साहित्यिक जीवन के अनछुए पहुलाओं पर प्रकाश डाला एवं नवीन चतुर्वेदी, सेवा निवृत रेलवे स्कूल प्राचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार ने प्रेमचंद जी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उनके साहित्य सृजन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं प्रमुख मुख्य इंजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सहित्य जगत में मुंशी प्रेमचंद जी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उनके द्वारा चर्चित पात्र आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने तत्कालीन समाज का चित्रण अपने लेखों में जिस प्रकार किया है। वह आज भी जीवंत प्रतीत होता है। प्रेमचंद जी पर उपस्थित विशिष्ट वक्ताओं तथा रेल साथियों ने अपने सार्थक विचार रखे। प्रेमचंद जी की लेखन विशेषताओं पर प्रकाश डाला। हमें महान रचनाकारों की सार्थक टिप्पणियों से सीख लेनी चाहिए तथा व्यक्तित्व के निर्माण तथा परिवार, समाज एवं राष्ट्र के विकास में उसका सदुपयोग करना चाहिए।

## पमरे ने स्क्रैप निपटारा में 50 करोड़ का आंकड़ा पार किया

# करोड़ों का राजस्व हासिल करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि



जबलपुर यश भारत। पमरे ने पिछले वर्ष 2020-21में भी कोविड महामारी की कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए लक्ष्य से अधिक स्क्रैप का निपटान करके करोड़ों का राजस्व हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की थी। पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2020-21 में रु 188 करोड़ का स्क्रैप निपटा कर राजस्व में वृद्धि की थी। इस वर्ष भी कोविड महामारी की दूसरी लहर की विषम परिस्थितियों के बावजूद भी वर्ष 2021-22 में पिछले चार महीनों में 50 करो? का आंक?ा पार कर लिया है। स्क्रैप निपटान में पश्चिम मध्य रेल ने 9322 मीट्रिक टन स्क्रैप रेल मटेरियल, 6759 मीट्रिक टन स्क्रैप फेरस, 391 मीट्रिक टन स्क्रैप नॉन फेरस, 70 स्क्रैप वैगन, 16 स्क्रैप कोचेस, 03 स्क्रैप लोको एवं 2209 मीट्रिक टन अन्य स्क्रैप का निपटान करके कुल रुपये 52.71 करोड़का राजस्व में वृद्धि की गई। पमरे ने अभी तक के इस वर्ष के लक्ष्य से 06त्न अधिक स्क्रैप का निपटारा किया है। रेलवे में स्क्रैप निपटारा होने से खाली जगहों की कई उपयोगिता साबित हुई है। * रेलवे में स्क्रैप निपटान से राजस्व में वृद्धि होती है। साथ ही अन्य स्रोत की आय में भी ब?ोत्तरी हुई। * स्क्रैप निपटान से खाली हुई जगह को अन्य रेलवे द्वारा गतिविधियों के लिए उपयोग में लायी जा सके। * इस निपटान से रेल खंड भी साफ-सुथरा रहता है जो यात्रियों को सुगम एवं अच्छा यात्रा का अनुभव कराता है। * इसके साथ ही स्क्रैप मटेरियल में कमी होती है। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह के निरंतर प्रोत्साहन तथा कुशल मार्गदर्शन एवं समस्त विभागाध्यक्षो विशेष तौर पर प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडल के

# माल लदान में रेलवे ने सबसे ज्यादा लदान दर्ज किया

भारतीय रेल ने जुलाई, 2021 में अभी तक के सबसे ज्यादा माल लदान के साथ इस महीने माल लदान में शानदार प्रदर्शन किया है। रेलवे का बेहतरीन प्रदर्शन सितंबर, 2020 के बाद पिछले 11 महीने से जारी है भारतीय रेल ने जुलाई 2021 में (जुलाई, 2020 की तुलना में 18.43 प्रतिशत ज्यादा) 17.54 मिलियन टन की बढ़ोतरी के साथ अभी तक का सबसे ज्यादा 112.72 मिलियन टन माल लदान हासिल किया, जबकि इससे पहले जुलाई, 2019 में 99.74 मिलियन टन के साथ रेलवे का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा था। वहीं जुलाई, 2020 में रेलवे ने 95.18 मिलियन टन माल का लदान किया था। पिछले वित्त वर्ष में जुलाई, 2020 तक के 336.74 मिलियन टन की तुलना में चालू वित्त वर्ष की समान अवधि में 451.97 मिलियन टन माल लदान के साथ भारतीय रेल ने बीते साल की समान अवधि से सबसे ज्यादा 115.23 मिलियन टन यानी 34.22 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी हासिल की है।

# जंगलों में अवैध कटाई और निर्माण पर एनजीटी ने लगाई वन विभाग के अफसरों को फटकार

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के आसपास बाघ भ्रमण क्षेत्र केरवा और कलियासोत के जंगलों में चल रही निर्माण की गतिविधियां और पेड़ों की कटाई के मामले में दायर याचिका पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान एनजीटी ने वन भूमि की मैपिंग में हो रही लेटलतीफी पर वन विभाग को फटकार लगा दी। वन संरक्षण मामले में 1996 में आए गोधा वर्मन फैसले के तहत भोपाल में कराए गए वन सर्वे रिपोर्ट और नोटिफिकेशन तलब किया है। साथ ही प्रदेशभर के वन क्षेत्रों में हुए अवैध निर्माणों के संबंध में रिपोर्ट भी मांगी है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी। दरअसल, केरवा और कलियासोत जंगल बाघ भ्रमण क्षेत्र में हो रहे निर्माणों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राशिद नूर खान ने एनजीटी में याचिका दायर की थी। इसके बाद एनजीटी ने बाघ भ्रमण क्षेत्र में जंगलों की कटाई और निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए कलियासोत सहित बाघ भ्रमण वाले इलाके को संरक्षित घोषित किया था। साथ ही शहर से सटे जंगलों में सरकारी और गैरसरकारी ऐसी जमीन, जिसमें जंगल हैं की मैपिंग करने का आदेश वन विभाग को दिया था, लेकिन वन विभाग ने कुछ नहीं किया। टाइगर मूवमेंट एरिया में निर्माण गतिविधियां संचालित हो रही हैं और निर्माणों के लिए धड़ल्ले से पेड़ों को काटा जा रहा है। इस मामले में सोमवार को एनजीटी में सुनवाई हुई, जिसमें याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संभव सोगानी ने कंप्लाइंस रिपोर्ट पेश की।




### अब तक शुरू नहीं हो पाई मैपिंग

अधिवक्ता संभव सोगानी ने बताया कि इस आदेश के बाद भी अब तक वन विभाग ने जंगलों की मैपिंग नहीं कराई है। इस पर एनजीटी ने वन विभाग के अफसरों को लताड़ लगाई। साथ ही एनजीटी ने वन विभाग से वन संरक्षण को लेकर 12 दिसंबर 1996 को आए गोधावर्मन फैसले के तहत भोपाल में कराए गए वन सर्वे रिपोर्ट और नोटिफिकेशन तलब किया है, ताकि केरवा और कलियासोत टाइगर मूवमेंट एरिया वाले जंगलों की पूर्व और वर्तमान में स्थिति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि एनजीटी ने 6 फरवरी 2020 को 30 अप्रैल 2020 तक जंगलों की मैपिंग कराने का आदेश दिया था, लेकिन यह काम अब तक शुरू नहीं हो सका।

# सूत्र सेवा, इंट्रा व इंटर सिटी बसों के जरिए शहरों में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत किया जाए

**भोपाल।** शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुदृढ़ करें। सूत्र सेवा, इंट्रा व इंटर सिटी बसों के जरिए शहरों में प्रदूषण कम होने के साथ ही दुर्घटनाएं भी कम होंगी। शहरी बस परिवहन के लिए टेंडर की शर्तों का पालन कड़ाई से किया जाए। शर्तों के मुताबिक शहरों के अंदर व विभिन्न शहरों के बीच चलाई जाने वाली बसों की संख्या पूरी होनी चाहिए। शर्तों का उल्लंघन करने पर टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। यह निर्देश सोमवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शहरवार स्वीकृत और संचालित बसों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता शहर के अंदर नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि ग्वालियर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को व्यवस्थित किया जाए। बैठक में बताया गया कि अमृत योजना में शुरू की गई सूत्र सेवा में प्राथमिक रूप से इंट्रा सिटी के लिए 70 और इंटर सिटी के लिए 30 का अनुपात निर्धारित किया गया था। अमृत योजना में प्रदेश को 258 करोड़ रुपये शहरी परिवहन के लिए मिले थे।



### समय-सीमा में पूरे करें निर्माण कार्य

इधर, मंत्री ने राजधानी परियोजना प्रशासन (सीपीए) स्वीकृत निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने को लेकर समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने वल्लभ भवन क्रमांक एक के रिनोवेशन के संबंध में भी चर्चा की। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण करवाने और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान देने की बात कही। इस दौरान मंत्री ने कहा कि टीटी नगर स्थित मल्टीपर्पज इनडोर हॉल का कार्य जल्द पूरा करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। बैठक में बताया गया कि सोनागिरि से रजतनगर होते हुए अयोध्या बायपास तक की सड़क का कार्य 95 प्रतिशत और जेके अस्पताल-बावड़िया मार्ग पर ब्रिज का कार्य 85 प्रतिशत पूरा हो गया है।



### 42 हजार से अधिक पौधे लगाए

भोपाल में सीपीए द्वारा वर्ष 2021 में 42 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। राजधानी परियोजना वन मंडल द्वारा विगत पांच वर्षों में कराए गए पौधारोपण में 98 प्रतिशत पौधों का जीवित होना पाया गया है। यह मूल्यांकन एप्को द्वारा बाह्य संस्था से करवाया गया है। इस दौरान आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज श्रीवास्तव, उप सचिव तरुण राठी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### इन ट्रेनों को किया जा चुका है बारिश के कारण निरस्त

रविवार भोपाल से जोधपुर जाने वाली भोपाल-जोधपुर स्पेशल एक्सप्रेस (04814) को निरस्त कर दिया था। यात्रियों को परेशान होना पड़ा। ट्रेन को निरस्त करने की वजह रैक नहीं मिला था। जोधपुर-भोपाल स्पेशल एक्सप्रेस को शनिवार बारिश के कारण जोधपुर स्टेशन से ही निरस्त कर दिया था। इस वजह से ट्रेन भोपाल स्टेशन नहीं पहुंची, इसलिए भोपाल से जोधपुर जाने वाली ट्रेन के लिए रैक नहीं मिला था। इस वजह से भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को निरस्त करना पड़ा है।

# आज भोपालनहीं आएंगी दो ट्रेनें

**भोपाल ।** हावड़ा स्टेशन से चलकर भोपाल व संत हिरदाराम नगर स्टेशन आने वाली दो ट्रेनें तीन अगस्त को नहीं आएंगी। दोनों ट्रेनों को रेलवे ने बारिश के कारण ट्रैक पर पानी आने के चलते निरस्त कर दिया है। ये ट्रेनें दो अगस्त को हावड़ा स्टेशन से चलनी थी। दोनों ट्रेनों के नहीं आने के कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा। हालांकि रेलवे ने संबंधित ट्रेनों में जिन यात्रियों ने टिकट बुक कराई थी उन्हें ट्रेनों के निरस्त होने की सूचना रविवार को ही दे दी है। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को हावड़ा-भोपाल स्पेशल एक्सप्रेस (03025) भोपाल स्टेशन और हावड़ा-इंदौर स्पेशल एक्सप्रेस (02912) संत हिरदाराम नगर स्टेशन नहीं आएंगी।

### यात्रियों की मांग, पूर्व से सूचना दे रेलवे

यात्रियों का कहना है कि जब रेलवे को पूर्व से पता चल चाता है कि बारिश के कारण ट्रेनें निरस्त की जानी है तो उसकी सूचना पूर्व से देनी चाहिए। ताकि ऐनवक्त पर परेशानियों से बचा जा सके। कई बार रेलवे समय से पूर्व सूचना देने पर चूक जाता है। ऐनवक्त पर परेशानी होती है। उन यात्रियों के लिए ज्यादा दिक्कत होती है जो ट्रेन के निरस्त होने पर भेजे जाने वाले मैसेज को नहीं देख पाते हैं या जिन यात्रियों को नेटवर्क में दिक्कत के कारण मैसेज समय पर नहीं मिल पाते हैं। यात्रियों का कहना है कि रेलवे को निरस्त की जाने वाली ट्रेनों की सूचना तत्काल फेसबुक व ट्विटर आदि इंटरनेट माध्यमों पर साझा करनी चाहिए।

# राजधानी में दो पहिया वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी के चार वाहन बरामद



**भोपाल।** एमपी नगर पुलिस ने निगरानीशुदा बदमाश से चोरी के चार, दोपहिया वाहन बरामद किए है। जब्त वाहनों की कीमत 2.5 लाख रुपए आंकी गई है। दो वाहन उसने एमपी नगर जोन-टू स्थित शराब दुकान से सामने से और बोर्ड ऑफिस स्थित हकीम होटल के सामने से व जिला अदालत गेट नंबर एक के बाहर से एक-एक वाहन चोरी किए थे। वह इन्हें बेचने की फिराक में था। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। फिलहाल आरोपित से पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया के अनुसार सोमवार को प्रेस कांप्लेक्स चौराहे से आरोपित महेंद्र साहू (51) निवासी राजीव नगर को गिरफ्तार किया गया है। महेंद्र निगरानी बदमाश है। सख्ती से पूछताछ में उसने वाहन चोरी का बताया। उसकी निशानदेही पर कुल चार दोपहिया वाहन जब्त किए गए है। आरोपित के खिलाफ पूर्व में दो दर्जन अपराध दर्ज हैं।

**कोतवाली पुलिस ने पकड़े वाहन चोर** इधर, कोतवाली पुलिस ने शातिर वाहन चोर अकबर खान उर्फ भैया (23) पिता अब्दुल सत्तार निवासी न्यू जेल रोड गौडापुरा गांधी नगर और उसके साथी समीर खान (19) निवासी बिलाल कॉलोनी निशातपुरा से चोरी के दो वाहन बरामद किए हैं। जब्त किए वाहनों की कीमत 1.20 लाख रुपए आंकी गई है।

# अल्कोहल के टैंकरों का आवागमन ई-लॉक सिस्टम के साथ

### मध्य प्रदेश में अवैध शराब बिक्री को रोकने हाईटेक होगी तैयारी

**भोपाल।** अवैध और जहरीली शराब से लोगों की जान जाने के मामलों को देखते हुए अब शिवराज सरकार कड़ा कदम उठाने जा रही है। अवैध शराब के कारोबार में लगे व्यक्तियों को फांसी और 50 लाख रुपये के जुर्माने का प्रविधान करने के लिए मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम में संशोधन किया जाएगा। इसका प्रारूप मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में प्रस्तुत करने की तैयारी है। कैबिनेट से पारित कराकर नौ अगस्त से प्रस्तावित विधानसभा के मानसून सत्र में संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को अवैध शराब और कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब से लोगों की जान जाना गंभीर अपराध है। कानून में संशोधन कर अवैध शराब के कारोबार में लगे व्यक्तियों के लिए कठोर दंड का प्रविधान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तात्कालिक रूप से अवैध शराब के कारोबार करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। पड़ोसी राज्यों से लाई जा रही अवैध शराब को रोकने के लिए वहां के अधिकारियों से चर्चा की जाए। डिस्टलरी से निकलने वाले अल्कोहल के टैंकरों का आवागमन ई-लाक सिस्टम के साथ हो। प्रदेश की कोई भी डिस्टलरी अवैध परिवहन में लिप्त पाई जाए तो उसे तत्काल बंद किया जाए। जहरीली शराब कांड में जूनी इंदौर पुलिस ने जयरामपुर कालोनी के जिम्मी असरानी और उसके भाई पवन को गिरफ्तार कर लिया है। जहरीली शराब से छह लोगों की मौत के बाद शराब सप्लायरों की गिरफ्तारियां जारी है। एएसपी राजेश व्यास ने बताया उन्हें पुलिस मंगलवार को कोर्ट में पेश करेगी। बंटी की रिमांड मंगलवार को खत्म होगी। वहीं बंटी से जुड़े सोनू और नवीन को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया गया है। आरोपित शराब ठेकेदार मदान को पुलिस तलाश रही है। इस बीच सनावद में गिरफ्तार जहरीली शराब सप्लायर कालका उर्फ कल्लन का रिमांड सोमवार को खत्म हो गया। उसे एरोड्रम थाना पुलिस प्रोडक्शन वारंट के तहत इंदौर लाकर पूछताछ करेगी



### इंदौर - फरार जिम्मी और उसका भाई पवन गिरफ्तार

### रतलाम -नकली शराब बनाने में करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष जीवनसिंह सहित छह की तलाश

ग्राम सोहनगढ़ स्थित खेत पर अवैध फैक्ट्री से बनने वाली नकली शराब प्रदेश के कई जिलों के अलावा राजस्थान व गुजरात भी सप्लाय की जाती थी। पुलिस ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष जीवनसिंह निवासी ग्राम शेरपुर, रंजीतसिंह उर्फ टम्मा, अनोखीलाल पाटीदार सोहनगढ़ तथा देवास के तीन भाइयों शादाब, सादिक व जावेद को भी आरोपित बनाया है। इन पर दस-दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सोहनगढ़ के आंबाखारी-बड़ायला चौरासी मार्ग पर 34 वर्षीय सुरेश पाटीदार पुत्र प्रभुलाल पाटीदार निवासी ग्राम सोहनगढ़ के खेत पर फैक्ट्री की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी थी। आरोपित अनोखीलाल ड्रम में भरा तरल जमीन पर ढोलकर भाग निकला।

# रेल अंडरपास में पानी भरने पर अब खुद खाली कर रहे पंप

**भोपाल ।** हर साल बारिश के सीजन मं रेल अंडरपासों में पानी जमा होने की समस्या आती है। इस वजह से सड़क आवागमन बंद हो जाता है और राहगीर परेशान होते हैं। ऐसे अंडरपास में करोंद भी शामिल है। रेलवे ने करोंद, रतनपुर, इटायाकला, नूरगंज अंडरपास पर बिजली से चलने वाले ऑटोमेटिक पंप लगा दिए हैं। ये पंप सेंसर आधारित तकनीक पर काम कर रहे हैं, जो अंडरपास में खतरे के निशान से अधिक पानी जमा होने पर स्वत- चालू हो जाते हैं और पानी को उलीच देते हैं। इस व्यवस्था से उक्त अंडरपासों में जमा होने वाले पानी को निकाला जा रहा है।



### हबीबगंज में जल्द बनेगा अंडरपास

रेलवे एक रेल अंडरपास और बनाएगा। यह हबीबगंज क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इसका काम डेढ़ साल पहले चालू भी कर दिया था, जो कि नगर निगम की लेटलतीफ कार्यशैली व कोरोना संक्रमण की वजह से अटक गया है। अब बारिश हो रही है, इसलिए फिलहाल काम चालू करा पाना मुश्किल है। रेल अधिकारियों का कहना है कि बारिश खत्म होते ही काम चालू कराएंगे।

### दो जगह जल्द चालू कराए जाएंगे पंप

मंडीदीप व औबेदुल्लागंज रेल अंडरपास में जल्द ही स्वचालित मोटर पंप लगाए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दोनों रेल अंडरपास में पानी जमा हो रहा है, इसलिए पंप लगाने की ज्यादा जरूरत महसूस हो रही है। हबीबगंज नाका क्षेत्र में अभी एक रेल पुलिया है, जहां से लोग ट्रैक के नीचे से होकर एक से दूसरी तरफ आना-जाना करते हैं। बारिश में यहां पानी भर जाता है और आवागमन कुछ समय के लिए बंद करना पड़ता है। चौबीस घंटे में लाखों लोग परेशान होते हैं। मंडीदीप और औबेदुल्लागंज में भी लोगों का दबाव बढ़ा है। दोनों जगह के अंडरपास में पानी जमा होने के कारण लोग चक्कर लगाकर ट्रैक के एक से दूसरी की तरफ आना-जाना करते हैं। भोपाल रेल मंडल के डीआरएम उदय बोरवणकर ने बताया कि मंडीदीप और औबेदुल्लागंज रेल अंडरपास में जल्द ही स्वचालित पंप लगाने की कार्रवाई की जा रही है, जिसके बाद बारिश का पानी स्वत- खाली हो जाएगा।

# नर्सिंग होम एक्ट में खामी का फायदा उठाकर एक डॉक्टर के नाम से चल रहे कई अस्पताल



**भोपाल ।** एक रेसीडेंट डॉक्टरों के नाम कई अस्पतालों में होने के पीछे सबसे बड़ी खामी नर्सिंग होम्स एक्ट की है। एक्ट में उल्लेख ही नहीं है कि एक रेजीडेंट डॉक्टर का नाम कितने अस्पतालों में हो सकता है। इसी का फायदा उठाकर एक-एक डॉक्टरों का नाम कई अस्पतालों में पंजीकृत हो गया है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि रेसीडेंट डॉक्टर ड्यूटी डॉक्टर होता है। उसकी आठ घंटे की ड्यूटी होती है। ऐसे में वह एक से अधिक अस्पताल में जा ही नहीं सकता। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने 20 दिन पहले मप्र मेडिकल काउंसिल को पत्र लिखकर ऐसे 11 डॉक्टरों की जानकारी दी है, जिनके नाम तीन से लेकर 13 अस्पतालों में रेसीडेंट डॉक्टर के तौर पर दर्ज है। इस पत्र के संदर्भ में मेडिकल काउंसिल ने संबंधित डॉक्टरों को नोटिस देकर जवाब मांगा है। हालांकि, अभी किसी भी डॉक्टर ने काउंसिल को जवाब नहीं भेजा है। काउंसिल के अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टरों के साथ ही उन अस्पतालों से भी पक्ष लिया जाएगा, जहां डॉक्टरों का नाम पंजीकृत है। इसके बाद साबित होता है कि डॉक्टर ने गलत जानकारी दी है तो कार्रवाई हो सकती है। इसमें डॉक्टरों का पंजीयन निलंबित किया जा सकता है। हालांकि, इसके पहले डॉक्टरों को काउंसिल में बुलाकर सुनवाई की जाएगी। इस संदर्भ में भोपाल नर्सिंग होम्?स एसोसिएशन के एक कार्यसमिति सदस्?य का कहना है कि कोई डॉक्टर एक से अधिक अस्पताल में रेसीडेंट डॉक्टर के तौर पर पंजीकृत है तो यह वैधानिक और व्यवहारिक दोनों लिहाज से गलत है। हालांकि, कई बार डॉक्टर अस्पताल छोड़ देते हैं, लेकिन उनका नाम नहीं हटता, जिससे यह गफलत होती है।

### बंद हो सकते हैं और निजी अस्पताल

भोपाल में 140 निजी अस्पताल पिछले साल मार्च से लेकर इस साल अप्रैल के बीच खुले हैं। इनमें कई अस्पताल अपने आप बंद भी हो गए हैं। 10 अस्पतालों को सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर तिवारी ने बंद करा दिया है। डॉ. तिवारी ने बताया कि 46 निजी अस्पतालों के निरीक्षण के बाद 23 में कमियां मिली थीं। इन्हें नोटिस दिया गया था। इनमें 10 को संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर बंद करा दिया है। कुछ अस्पतालों का जवाब आना अभी बाकी है। सब ठीक नहीं रहा, तो इन्हें भी बंद करने का आदेश दिया जाएगा।

नर्सिंग होम एक्ट में यह नहीं लिखा है कि एक डॉक्टर कितने अस्पताल में जा सकता है, लेकिन व्यवहारिक तौर पर एक रेसीडेंट डॉक्टर एक से अधिक जगह ड्यूटी नहीं कर सकता। अगर से एक ज्यादा अस्पतालों में नाम दर्ज है तो यह गलत है।

**- डॉ. केके ठस्सू, पूर्व संचालक, स्वास्थ्य विभाग**

# पत्नी बोली- आठवीं पास पति नहीं समझता शिक्षा का महत्व, पति बोला- मैं ही उसे पढ़ा रहा

**भोपाल ।** शादी के छह साल बाद एक दंपती के बीच मतभेद इतना बढ़ गया कि मामला तलाक तक पहुंच गया। दंपती के बीच झगड़ की वजह पत्?नी की पढ़ाई-लिखाई है। विवाद मामले में पत्नी ने पति के खिलाफ तलाक का केस लगाया था। दरअसल, पति आठवीं पास है और पत्नी एमए की पढ़ाई कर रही है। मामले में पत्नी ने शिकायत की है कि पति उसकी शिक्षा को महत्व नहीं देता है, उसे कॉलेज छोड़ने नहीं जाता है। साथ ही घर के कामों में उसकी मदद नहीं करता है। वहीं पति का कहना है कि वह पढ़ाई नहीं कर सका, लेकिन उसे शिक्षा का महत्व पता है। तभी तो वह पत्नी को बारहवीं के बाद पढ़ाई करा रहा है। इस मामले में पांच बार काउंसिलिंग करते हुए दोनों के बीच सुलह कराई गई। साथ ही उनसे शपथ पत्र भी भरवाया गया। पत्नी ने शपथ पत्र में माना कि वह पढ़ाई के साथ घर के काम में भी परिजन का हाथ बंटाएगी। साथ ही पति और ससुराल वालों का सम्मान करेगी। वहीं पति ने भी शपथ पत्र में लिखा कि वह हमेशा पत्नी का साथ देगा, कभी भी उससे दुर्व्यवहार नहीं करेगा।

महिला का आरोप, कॉलेज जाने पर ताना मारती है सास

काउंसिलिंग में पत्नी ने कहा कि ससुराल वाले उसे हमेशा ताना मारते हैं। सास कॉलेज जाने के बाद पति को मेरे खिलाफ भड़काती है।

पति भरता है कॉलेज की फीस

वहीं पति ने कहा कि अगर उसे पत्नी के पढ़ने से ऐतराज होता तो वह उसे पढ़ाता ही नहीं। पत्नी को बीए पास कराया और एमए में एडमिशन कराया। कॉलेज की फीस भी भरता हूं। बस कॉलेज छोड़ने नहीं जा पाता हूं तो इस कारण झगड़ा करती है। घर के काम बिल्कुल नहीं करती है।

# तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, स्कूटर के परखच्चे उड़े, एक घायल

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र में स्थित प्रशासनिक भवन के रास्ते का मोड़ लगातार हादसों का सबब बन रहा है। सोमवार देर रात यहां एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटर सवार को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी टक्?कर की वजह से स्कूटर के परखच्चे उड़ गए। देर रात रहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल स्कूटर सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर स्कूटर को टक्कर मारने के बाद कार आगे जाकर शाहपुरा के मनीषा तालाब के किनारे लगे पेड़ से टकराकर थम गई। पुलिस ने घायल स्?कूटर सवार की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हबीबगंज पुलिस के अनुसार तनिष्क देवेश शर्मा निजी काम करते हैं। वह सोमवार रात शाहपुरा की तरफ से हबीबगंज की तरफ जा रहे थे। तभी प्रशासनिक भवन के मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार (एमपी04 सीएक्स8487) ने अचानक सामने से आकर उनके स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार पेड़ से टकराकर रुक गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से गायब हो गया, लेकिन स्कूटर सवार को गंभीर चोट लगी। मौके से गुजर रहे रहगीरों ने हबीबगंज पुलिस को हादसे की सूचना दी। हबीबगंज थाने के एसआइ विवेक शर्मा ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

### मोड़ पर पसरा रहता है अंधेरा, एक साल में हो चुके दर्जनभर हादसे

शाहपुरा में प्रशासनिक भवन का मोड़ बेहद ही खतरनाक है। इस मोड़ पर पिछले एक साल में दर्जनभर से अधिक हादसे हो चुके हैं। दरअसल इस मार्ग पर रात के समय बेहद अंधेरा रहता है। अभी तक इस स्?थान पर जितने भी हादसे हुए हैं, वे रात में ही हुए हैं।



## जिला खेल एवम् युवा कल्याण अधिकारी का किया जोरदार स्वागत

**जबलपुर।** बालीवाल कार्पोरेशन संघ एवम् लवकुश रांझी द्वारा रावन पार्क मैदान पर सेवानिवृत्त श्री संतोष सिंह राजपूत का सम्मान समारोह राजेश मिश्रा पूर्व ड्डस्र्द्ध4ड्डष्द्ध नगर निगम के मुख्य अतिथि एवम् डाक्टर आर के यादव 1द्बड्ढद्बड्डद्दड्डस्र्-द्ध4ड्डष् की अध्यचता में किया गया इस अवसर पर साई प्रशासक कुलदीप सिंग बरार एवम् खेल अधिकार प्रदीप रावत जी के विशिष्ट अतिथि में मनचासीन थे राजपूत जी का स्वागत मदन शर्मा ने किया मंच संचालन शानू यादव सचिव कबड्डी संघ ने किया।

## विश्व रिकार्ड बना चुकी रन फॉर नेचर में 13 राज्यों के पर्यावरण प्रेमी



**जबलपुर।** प्रकृति पर्यावरण संसद के द्वितीय दिवस सभी पर्यावरण प्रेमियों ने प्रातः माँ नर्मदा तीर्थ क्षेत्र सिध्दघाट ग्वारीघाट पहुँचकर माँ नर्मदा का दर्शन पूजन किया अनेक राज्यों से आए पर्यावरण प्रेमी आज द्वितीय सावन सोमवार को निकलने वाली देश दुनिया अनूठी रन फॉर नेचर में शामिल हुए।जिसके पश्चात सभी पर्यावरण प्रेमियों ने कैलाशधाम मटामर पहुँचकर समर्थ सदगुरु के सानिध्य में वृक्षारोपण किया। माँ नर्मदा अन्य जीवन दायिनी नदियों, गौ वंश ,प्रकृति ,पर्यावरण , के संरक्षण सम्वर्धन को लेकर 290 दिनों से अन्न आहार त्यागकर सत्याग्रह कर रहे दादा गुरु का नाम आज गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रकृति पर्यावरण,जीवन दायिनी नदियों के संरक्षण सम्वर्धन को लेकर की गई च्च्दुनिया की सबसे लंबी हंगर स्ट्राइक में दर्ज किया गया। समर्थ सदुरु ने यह रिकॉर्ड विभिन्न प्रदेशों से आये हुए पर्यावरण प्रेमियों को समर्पित किया।दिल्ली से गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि आलोक जी ने जबलपुर आकर पर्यावरण संसद के द्वितीय दिवस में यह रिकार्ड नर्मदा मिशन परिवार को दिया।

## जल भराव से परेशान कॉलोनीवासी



**पाटन।** बारिश की वजह से सभी नदी नाले उफान पर है बही नगर के साहू कॉलोनी में रह रहे सौ से अधिक परिवार जल भराव और कीचड से सनी सडको से परेशान है जिनकी सुनने बाला कोई नही है जबलपुर पाटन मुख्य मार्ग पर बनाया गया नाला जो कि जगह जगह चोक हो गया है जिसके कारण जल निकाशी न होने से नाले का पानी कॉलोनी के घरों में भर रहा है बही कॉलोनी का मुख्य मार्ग जो कि जरा सी बारिश से दलदल में तब्दील हो जाता है जिससे निकलना मुश्किल है कॉलोनी निवासी वीरेंद्र साहू ने बताया कि कॉलोनी में अस्सी से सौ परिवार रहते है जो कि जो कि समय पर अपने करो का भुगतान करते है उस के बाद भी नाली और सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं से कॉलोनी वासी वंचित है सडक कीचड से सनी पडी है आये दिन महिलाएं बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है इसी संबंध में सभी कॉलोनी के लोगो द्वारा पाटन एस डी एम के नाम ज्ञापन सौंपा गया और अपनी सभी समस्याओं से अवगत कराया स्थानिय निवासियों का कहना है कि जल्द सुधार कार्य नही कराया गया तो हम सभी आंदोलन भी करेंगे।

## सावन के दूसरे सोमवार को गूंजा हर हर महादेव



**सिहोरा।** श्रावण मास लगते ही नगर का माहोल भक्तिमय हो गया । कोरोना के चलते इस शाल ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा शिवमंदिर बाबाताल में आयोजित सामूहिक पार्थिव शिवलिंग निर्माण स्थाकित रखा गया है। सावन के दूसरे सोमवार को जहां सभी भक्तों का शिवमंदिर बाबाताल में सुबह से ही भक्तों का पहुचना प्रारम्भ हो गया था और सभी ने भगवान भोलेनाथ का बिल्वपत्र ,धतूरा, शमी, दूध , दही ,पुष्प अर्पित कर आशिर्वाद प्राप्त किया लिया शिवमंदिरों में दिन भर हर हर महादेव गूंजता रहा। तो वही भक्तों ने भी घरों में ही भगवान शंकर का अभिषेक किया । इसी तरह अनेक शिव भक्तों ने सोमवार को उपवास रखकर सिहोरा खितौला में सभी शिवमंदिरों मे भक्तों ने पूजा की ।

### भरण-पोषण के मामले में सिहोरा एसडीएम ने कराई सुलह

# लड़के और बहू ने पैर धोकर मांगी पिता से क्षमा



**सिहोरा।** पुत्र द्वारा प्रताड़ित सीनियर सिटीजन की व्यथा सुन सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर न केवल दोनो पक्षो की सुलह कराई बल्कि कार्यालय में ही पुत्र वधू ने अपने ससुर के चरण स्पर्श कर क्षमा याचना की वृद्ध ससुर ने भी अपने पुत्र एवं पुत्रवधू को क्षमा करते पुनः मिलजुलकर एक साथ रहने का आशीर्वाद दिया।

**यह है मामला**

आवेदक भूरे लाल चौहान पिता स्वर्गीय बमिया उम्र 76 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 नन्हवारा मझौली द्वारा अपने पुत्र नारायण चौहान व पुत्रवधू लक्ष्मीबाई के विरुद्ध माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत प्रार्थी के भरण पोषण व संपत्ति के संरक्षण हेतु आवेदन पत्र माननीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के समक्ष पेश किया गया था, जो अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सिहोरा को प्राप्त हुआ था प्रकरण को न्यायालय में पंजीबद्ध करते हुए 2 अगस्त को की सुनवाई नियत की गई थी। जिसमें दोनों पक्ष पहली बार न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए आवेदक एवं अनावेदक को समक्ष में सुनने के उपरांत अनावेदक की काउंसलिंग एवं पीठासीन अधिकारी की समझाश से दोनों पक्षों की आंखों में आंसू आ गए एवं दोनों पक्ष एक दूसरे से माफी मांगने लगे। आवेदक आपसी सहमति से पुत्र एवं पुत्र वधू के साथ राजी खुशी से साथ में रहने घर के लिए रवाना हो गए।

**क्या है नियम**

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिनियम में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अधिकारों में दखल देने वालों पर कार्रवाई की व्यवस्था है। पुत्र, पुत्री समेत अन्य किसी ने भी वरिष्ठ नागरिकों का उत्पीड़न किया तो शिकायत मिलने के साथ टीम मौके पर पहुंच कर मदद करेगी।



# संयुक्त मोर्चा की दसवें दिन हडताल जारी

**मटका फोड़कर किया प्रदर्शन**

**सिहोरा।** पंचायत एंव ग्रामीण विकास सयुंक्त मोर्चा के सभी संगठन विभिन्न मांगों को लेकर विगत दिनो से कार्यालय बंद ,कलम बंद अनिश्चित कालीन हडताल पर चल रहे है पंचायत सचिवो सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने 2 अगस्त को जनपद पंचायत कार्यालय में बडी संख्या में एकत्रित होकर मटका फोडकर तथा नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। तथा सरकार से मांगे पूरी करने की बात कही । विगत दस दिनो से हडताल जारी रहने से ग्रामं पंचायत व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है ग्रामीणों के कोई काम नही हो रहे है वे समय और पैसा खर्च करके सिहोरा आते है और वापस चले जाते है । हडंताल पर जाने वाले संगठनों में पंचायत सचिव संगठन, ग्राम रोजगार सहायक संघ, मनरेगा कर्मचारी संघ,ब्लॉक समन्वयक संघ, जनपद पंचायत कर्मचारी संघ, पंचायत समन्वयक अधिकारी संघ सहित अनेक संगठन शामिल है ।दसवें दिन प्रदर्शन में पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष प्रमोद पांडे प्रमोद पांडे, संजय तिवारी अध्यक्ष सहायक सचिव संघ, राम मिलन यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, सबल सिंह बागरी, प्रदीप यादव ,अनिल दत्त तिवारी, गोविंद नारायण दुबे, सतीश अवस्थी, के के पटेल, अनीता तिवारी ,राजकुमार तिवारी ,विनोद तिवारी धर्मेंद्र चक्रवर्ती, सरफराज मंसूरी सहित अन्य सचिव एंव संगठनों के सदस्य शामिल थे ।

## सड़क पर नाली नुमा गड्ढा गिरकर घायल हो रहे वाहन चालक



**फनवानी।** सिहोरा तहसील की ग्राम पंचायत मकुरा के पड़रिया जाने वाली सड़क खतरनाक हो चुकी है लोगों की माने तो इसमे चलने पर हर वक्त गिरने का खतरा बना रहता है सड़क कई जगहों पर धंस गई है बीच मे टीले के अकार मे हो गई है जिसमे वाहन बहक रहे है दूसरी ओर गाँव के सार्वजनिक निस्तार के पानी की निकासी के लिये पंचायत ने सड़क खोदकर पाईप डाले थे जिसके बाद बजाये कंक्रीट डालने के पंचायत के जिम्मेदारों ने यहीं की मिट्टी उसके ऊपर डाल दी जिसके कारण वहाँ अब गहरा गड्ढा हो गया है जिससे वाहन चालकों को बड़ी परेसानी झेलनी पड़ रही है। जानकर भी अंजान है पंचायत के जिम्मेदार ग्रामवासियों का कहना है कि इस समस्या से पंचायत के कर्णधारों जानकारी होने के बावजूद यहां सुधार करने कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे ऐसे मे ग्रामीर्णो ने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से यहाँ सुधार कार्य कराये जाने की मांग की है ।

## पूरी विधि विधान से की गई शिवजी की आराधना

**शहडोल** सावन के दूसरे सोमवार के दिन संभाग भर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का ताता सुबह से ही लगा रहा। सावन माह में भगवान शिव की आराधना का बड़ा महत्व बताया गया है व्रत रखकर शिवजी के भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की बताया गया है कि सावन का महीना भगवान शिव बहुत पसंद था जिससे यह मान्यता है कि शिव की आराधना से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मुख्यालय में बाणगंगा विराट मंदिर, केलमनिया स्थित मंदिर, सिद्ध बाबा डोंगरिया टोला बरगवां, आदि स्थानों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

# ठेकेदारी मजदूरों के हो रहे अन्याय को सीटू यूनियन नहीं करेगा बर्दाश्त



**सीटू यूनियन करेगा आंदोलन इंद्र पति सिंह**

**जमुना ।** कोतमा एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में दिनांक 2 अगस्त 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय शैली भवन संतोषी दफाई मे बैठक की गई जिसमें चर्चा में आया कि आमाडांड ओ सी एम की प्रबंधन ठेकेदार मिलकर ठेकेदारी मजदूरों का शोषण कर रहे एवं सरकार के द्वारा सी बी ए एक्ट 1957 को संशोधित कर। मजदूरों के शोषण करने का रास्ता साफ किया जा रहा जिसके कारण 3,4,5 अगस्त को विरोध कार्यवाही के साथ साथ 9 अगस्त को भारत बचाओ आन्दोलन मे क्षेत्र की सभी खदानों मे कार्यरत ठेका मजदूरो को लामबंद कर तीखे संघर्ष का आव्हान किया गया इस अवसर पर के इंद्र पति सिंह क्षेत्रीय सचिव जमुना कोतमा क्षेत्र एस एस (सीटू) के क्षेत्रीय अध्यक्ष कामरेड अनिल शर्मा, कामरेड अशोक सोनी,कामरेड एल बी सिह, कामरेड बी एल दुबे शारदा सिंह जनेंद्र सिंह उत्तम तिवारी मुरलीधर सिंह रामसूरत के साथ काफी संख्या मे ठेका मजदूर उपस्थित रहे इंद्रपती सिंह क्षेत्रीय सचिव कोयला श्रमिक संघ सीटू जमुना कोतमा क्षेत् ने कहा कि हम ठेकेदारी मजदूरों के साथ हमेशा खड़े हैं और खड़े रहेंगे और उनके पक्ष में आंदोलन करके उन्हें न्याय और उनका हक दिलाएंगे

## राजपूत ने संभाली चचाई थाने की कमान

**अनूपपुर।** चचाई थाना में नए प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत ने कमान संभाल ली है। उनके द्वारा बताया गया कि अपने अनुभव के आधार पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए विशेष प्रकार की मुहिम चलाई जाएगी, वही अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हर मुमकिन प्रयास किए जाएंगे, उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कोरेक्सके साथ अन्य प्रकार के नशा मुक्ति के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम भी किए जाएंगे। वही अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाएगा, जिससे लोगों के बीच से खबरें आती रहेंगी और इस प्रकार अपराध कारित होने से पहले ही लगाम लगाया जा सकता है। राजपूत ने आगे बताया कि जितने भी अपराधिक प्रवृत्ति के चिन्हित लोग हैं उन पर विशेष नजरें रखी जाएगी। दिन-रात कानून व्यवस्था की चाक-चौबंद पर विशेष ध्यान रहेगा निश्चित रूप से श्री राजपूत के पदभार संभालने से शांति व्यवस्था और अपराधों पर लगाम लगाई जा सकती है क्योंकि अपने अनुभव और तजुर्बे के बल पर क्षेत्र को समझने में उन्हें ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

# कॉलोनियों में सुअर कर रहे धमाचौकड़ी



**खतरे में रहवासियों की जान, नगर पालिका बना अनजान**

**पनागर**/नगर में सुअरों की तादात दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। आलम ये है कि अब से सुअर लोगों के बीच ऐसे विचरण करने लगे हैं, जैसे की ये भी इन्ही कॉलोनी के बाशिंदे हों। सुअर पालक इन्हें आवारा छोड़ देते हैं जो नगर में गंदगी का सबब बन रहे हैं। हद तो ये हो रही है कि किसी के भी खाली पड़े मकानों और गेट के पास ये अपना कब्जा जमा ले रहे हैं। बावजूद इसके नगर में सुअरों की बढ़ती आबादी पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका कोई पहल नहीं कर रही है। नपा द्वारा कार्रवाई न करने के कारण सुअर पालक भी मनमानी पर उतारू हैं। बीच में एक दो बार नपा ने सुअरों को पकडने के लिए पहल की भी लेकिन सुअर पालकों के विरोध के चलते अमला बैरंग लौट चुका है। इसके बाद तो जैसे नपा ने सुअरों को नगर के लोगों के बीच रहने के लिए मानो अनुमति ही दे दी है। नजर हटते ही ये सुअर अब लोगों के घरों में तक प्रवेश करने लगे हैं पर कोई इस पर रोक लगाने वाला नहीं है।

# विभिन्न मांगों को लेकर सीईओ कुंडम को ज्ञापन सौंपा

**कुंडम।** आज जनपद पंचायत कार्यालय के सामने अपनी विभिन्न और जायज मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा एवं पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के तत्वाधान में सीईओ कुंडम ओंकार सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा गया एवं पंचायत एवं ग्रामीण विभाग संयुक्त मोर्चा सचिव संघ द्वारा मटका फोड़ कर अपना विरोध जताया 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल ने ग्राम पंचायत सहित जनपद पंचायत मनरेगा सहित बड़े-बड़े शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को रोक दिया गया है क्योंकि पंचायत सचिव सहित सभी अधिकारी गण हड़ताल पर हैं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हैं और दूसरी ओर प्रधानमंत्री आवास में हितग्राहियों द्वारा मकान खोलकर बनाया जा रहा है जहां पर अधिकारी सचिव जीआरएस उपयंत्री ओं की हड़ताल ने सभी काम रोक दिए हैं जिससे गरीबों को और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सचिव संघ के अध्यक्ष प्रभात सिंह ठाकुर संघ के पदाधिकारी प्रमोद कुशराम भाग सिंह मरावी जियालाल मुन्ना सिंह वरकडे कमल सिंह मरावी ज्योति बाला पांडे सुशीलाबाई रामलाल पुसाम ज्ञान सिंह के काम अंबिका तिवारी सचिन साहू सहित सचिव जीआरएस सहित संयुक्त मोर्चा संघ एवं चेतावनी दी है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी यह अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल चलती रहेगी।

**इनका कहना है**

हमारी जायज मांगों को लेकर कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल दिनांक 22 जुलाई से चल रही है जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं हम हड़ताल जारी रखेंगे।

**प्रभात सिंह ठाकुर अध्यक्ष कुंडम ब्लॉक सचिव संघ.**

# वन विभाग की निष्क्रियता के चलते कर रहे अवैध कमाई

**शहडोल** वन विभाग की निष्क्रियता के चलते जंगल में लगातार पेड़ों की कटाई हो रही है 1 माफिया विभाग को चूना लगा रहे हैं आदिवासी बहुल जिला सागौन सहित अच्छी प्रजातियों की लकड़ी एवं वन संपदा के लिए जाना जाता है किंतु पिछले कुछ सालों से वन विभाग की निष्क्रियता के चलते आधा धुंध कटाई हो रही है जंगल अब साफ हो रहे हैं सागौन सहित इमरती पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर है सालों से हो रही अवैध कटाई पर वन विभाग का मौन रहना कई सवाल खड़े कर रहा है लंबे समय से वन विभाग द्वारा किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि वन मंडल शहडोल अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र में कई वन परिक्षेत्र अधिकारी कई वर्षों से जमे हुए हैं और अब उनके संबंध वन माफिया से भी हो चुके हैं। बताया गया है कि व्यवहारी वन परिक्षेत्र एवं गोदावल वन परिक्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई हो रही है किंतु यहां पदस्थ वन अमला चुप्पी साधे हुए हैं इसी तरह जैतपुर का जंगल जहां से कीमती लकड़ी पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ भेजी जा रही है इन दिनों इस क्षेत्र में कई वन माफिया सक्रिय हैं। सूत्रों की माने तो वनों की अवैध कटाई के अलावा जंगली जानवरों का शिकार भी आसपास के क्षेत्रों में हो रहा है। प्रत्येक वर्ष वनों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जाता है पर्यावरण के प्रति जागरूकता के नाम पर भी राशि खर्च की जाती है किंतु इस राशि का कोई प्रतिफल नहीं मिल रहा है और विभाग पूरी तरह फेल होता नजर आ रहा है।

# बघराजी स्टेडियम मैं हो रहे अतिक्रमण को लेकर खिलाड़ियों ने ज्ञापन सौंपा

**बघराजी।** स्टेडियम में खेल मैदानों के अलावा कोई भी भवन या अन्य निर्माण कार्य ना कराए जाएं अभी स्टेडियम में कबड्डी खो खो बास्केटबॉल स्विमिंग पूल बैडमिंटन ग्राउंड मैदान बनाने प्रस्तावित है आने वाले समय में स्टेडियम की एक-एक इंच जमीन खेल मैदानों के लिए कम पड़ेगी वर्तमान समय में कोई भी परिजन अपने बच्चों को नदी तालाब नहीं जाने देना चाहते जिससे वे तैराकी सीखने से वंचित रह जाते हैं और अपने कॉलेज लाइफ में पहुंचते-पहुंचते अनेक बच्चे पिकनिक मनाने जाते हैं तो बड़ी बड़ी नदी और हाल में डूब कर असमय मौत का शिकार हो जाते हैं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए खेल विभाग के डायरेक्टर भोपाल से इस स्टेडियम में स्विमिंग पूल बनाने की भी स्वीकृति मिलने वाली है यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है गांव और खिलाडय़िों की हित की बात है इसी स्टेडियम में एक समुदाय भवन पहले से बना हुआ है सरपंच द्वारा दूसरा सामुदायिक भवन बनाने की तैयारी चल रही है जिसका खिलाड़ी पुरजोर विरोध करेंगे आज आईजी श्री भगवत सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ बहुगुणा जिला कलेक्टर महोदय श्री कर्मवीर शर्मा को सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी सचिव विनीत साहू आदिल खान नितिन धनगर नीरज पटेल योगेंद्र पटेल विकास जायसवाल प्रमोद पटेल आशीष दहिया वासु दीक्षित यशु दीक्षित आशीष गुड्डू चक्रवर्ती सल्लू पटेल सहित खिलाड़ियों ने ज्ञापन सौंपा खेल मैदान को सिर्फ खेल मैदान रहने दिया जाए अन्य कोई भी नए निर्माण कार्य वहां न किए जाएं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सेल्फ़चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रीक मॉडल्स के लिए बैट्री वारंटी का विस्तार किया

**बैंगलोर।** विद्युतीकृत वाहनों को अपनाना प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता के क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएम ने आज बैट्री की वारंटी बढ़ाने की घोषणा की। यह भारत में कंपनी के सभी सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड वाहनों ;एसएचईवी के लिए है। वारंटी का विस्तार मौजूदा तीन साल या 100.000 किलोमीटर से बढ़ाकर आठ साल या 160.000 किलोमीटर ;जो भी पहले हो जाए किया गया है। यह विस्तार एक अगस्त 2021 को प्रभावी बिक्री इसके एसएचईवी मॉडल या टोयोटा कैमरी अथवा वेलफ़ायर मॉडल के लिए किया गया है। यह घोषणा वर्ल्ड नेचर कंजर्वेशन डेश यानी 28 जुलाई के महत्वपूर्ण मौके पर की की गई है।



**मटका फोड़कर आंदोलन किया**

**पनागर।** पनागर जनपद प्रांगण में संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में अपनी मांगों को पूरा कराने 22 जुलाई से आंदोलन कर रहे सचिवों, सहायक सचिवों ने जनपद कार्यालय में मटका फोड़कर उग्र आंदोलन किया, साथ ही शासन द्वारा उनकी मांगो को अतिशीघ्र पूरा न किये जाने पर आगे और ओर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। मनोज तिवारी, भरत पटेल,सुभाष पटेल, सोनेलाल पटेल, शिवकुमार पटेल, प्रीति बाला दुबे, सुषमा पटेल, किसन पटेल, प्रभात शुक्ला, आदेश पटेल, पवन दुबे पवन पटेल, आशीष शुक्ला, नितेश सिंह, सलिनी पटेल, विनीता पटेल, जितेंद्र कोल,प्रशांत कुरारिया, मनीष पटेल, अनूप पटेल, सुबोध शर्मा, धनेश पटेल,परसराम प्रजापति,पूजा गुप्ता,संतोष रजक,अनूप लखेरा आदि अनेक जन उपस्थित रहें।

# आईपीओ के लिए फाइल करने वाला पहला प्रॉफिटेबल फिनटेक बना फिनो पेमेंट्स बैंक

Fino
Fino Payments Bank
QADAR AAPKI MEHNAT KI

**मुंबई ।** पेमेंट बैंक के रूप में ऑपरेशन शुरू करने के चार साल बादए ब्लैकस्टोनए आईसीआईसीआई ग्रुप और बीपीसीएल समर्थित;बैक्ड फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ;एफ्फ़्बीएलद्ध ने आईपीओ के लिए सेबी के पास मसौदा दस्तावेज;ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट्स दाखिल किया है। बाजार सूत्रों के अनुसारए आईपीओ का आकार 1.300 करोड़ रुपये होने की संभावना है। इश्यू में 300 करोड़ का फ्रेश इश्यू और साथ ही एक ओएफ़एस कंपोनेंट भी शामिल है।एफ्फ़्बीएल एक शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक है जो अपनी डिजिटल आधारित वित्तीय सेवाओं के साथ उभरते भारत के बाजार को अपनी सेवाएं दे रहा है। यह कंपनीए टेक्नोलॉजी इनेबल्ड फाइनेंशियल इन्क्लूजन सॉल्यूशंस में अग्रणी फिनो पेटेक लिमिटेड ;एफ्फ़्पीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। एफ्फ़्पीएल को ब्लैकस्टोनए आईसीआईसीआई ग्रुपए भारत पेट्रोलियम और आईएफ़सी जैसे बड़े निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। फिनटेक बैंक वित्त वर्ष 2020 की चौथी तिमाही में मुनाफे वाला फिनटेक बन गया और तब से इसके मुनाफे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह एफ्फ़्बीएल को आईपीओ के लिए फाइल करने वाली पहली प्रॉफिटेबल फिनटेक बनाती है।

# इस साल पहली बार प्री बुक करे महाबचत ऑफर

**मुंबई।** सबसे पसंदीदा हाइपर मार्केट ब्रांडए बिग बाजार एक बार फिर अपने ग्राहकों को अधिकतम मूल्य देने के लिए आया है। भारतीय रिटेल के इतिहास में पहली बारएवे आटाए दाल और चावल के महाबचत ऑफर की प्री.बुकिंग कर सकते हैं। प्री.बुकिंग किसी भी बिग बाजार स्टोर पर या ऑनलाइन बिग बाजार ऐप और शॉपणिबगबाजारणकॉम पर 31 जुलाई से 8 अगस्त तक की जा सकती है। प्री.बुकिंग परए ग्राहक को 3000 रुपए का जीवी मिलेगाए जिसका उपयोग वे महाबचत के दौरान खरीदारी करने के लिए कर सकते हैं और 5 किलो आटाए 1 किलो दाल और 1 किलो चावल मुफ्त के ऑफर का दावा कर सकते हैं। तो इस साल 9 से 15 अगस्त के बीचए यह बचत पे बचत होगी जहां हमारे ग्राहक इस मेगा ऑफर और अतिरिक्त बैंक छूट के साथ.साथ खाद्यए फैशनए होम और इलेक्ट्रॉनिक्स में सभी सबसे बड़े सौदों और ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। सही मायने मेंए यह सेल इंतजार करने लायक है।ष्महाबचतष् साल के सबसे पसंदीदा और प्रतीक्षित सेल में से एक है। बिग बाजार में हमारा उद्देश्य हमेशा अपने सदस्य परिवार को अधिकतम मूल्य देना है। इस बार हमारे पास आटाए दाल और चावल का बहुत मजबूत ऑफर हैं जो हर घर में जरूरी हैए इसलिये हम अपने ग्राहकों को इसे पहले से बुक करने का मौका देना चाहते थे। प्रत्येक क्षेत्र के लिए हम आटाए दाल और चावल के उनके पसंदीदा प्रकार देंगे। श् पवन सारदाए सीएमओ . डिजिटलए मार्केटिंग और ई.कॉमर्सए फ्यूचर ग्रुप ने कहा। बिग बाजार के बारे मेंबिग बाजार फ्यूचर ग्रुप की प्रमुख हाइपर मार्केट रिटेल चेन है और देश भर के 150 से अधिक शहरों में मौजूद है।यह समूह बिग बाजार जेननेक्स्ट का भी संचालन करता है जो इंटरेक्टिव डिजिटल स्क्रीनए सिट.डाउन चेक आउट और स्मार्ट ग्राहक सेवा जैसे उपयोगी तरीका के साथ बेहतर खरीदारी अनुभवों को एकीकृत करता है। बिग बाजार ने देशके सभी स्टोरों पर दैनिक उपयोग की 1500 से अधिक वस्तुओं की कीमतों में भारी गिराव के साथ शहर दिन सब से कम कीमतश् देने का वादा किया है। यह होम डिलिवरीए फास्ट बिलिंग और अन्य के बीच आटा पीसने जैसी कई मूल्य वर्धित सेवाएं भी प्रदान करता है। बिग बाजार ने सबसे सस्ते दिनए पब्लिक हॉलिडे सेलए स्मार्ट सर्चए बुधवार बाजार और ग्रेट इंडियन होम फेस्टिवल जैसी बड़ी शॉपिंग प्रॉपर्टीज बनाई हैं जो ग्राहकों को सब से कम कीमत पर बेहतरीन खरीदारी करने का अधिकार देती हैं।

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# टोक्यो ओलंपिक में भारत-सिंधु और हॉकी टीमों का करिश्मा



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में स्टार शटलर पीवी सिंधू के कांस्य पदक जीतने और पुरुष और महिला हॉकी टीमों के सेमी फाइनल में स्थान बना लेने से देश में खुशी का माहौल है। यह सही है कि ओलंपिक खेलों में भारतीय प्रदर्शन नाज करने वाला कभी नहीं रहा है। पर 2016 के रियो ओलंपिक में खराब प्रदर्शन के बाद सुधरे खेल माहौल से लगा था कि इस बार हम अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कम से कम दो अंकों में पदक के साथ लौटेंगे। पर युवा निशानेबाज देश की उम्मीदों का बोझ झेलने में नाकामयाब हो गए और इससे देशवासियों में पहले दिन वेटलिफ्टर मीराबद्मह्वाई चानू के रजत पदक से बनी खुशी का माहौल मायूसी में बदल गया। ङ्ख सौरभ चौधरी, मनु भाकर, दिव्यांश पवार और इलावेनिल जैसे युवा निशानेबाजों से देशवासियों ने पदक की उम्मीदें लगाई थीं, पर वे उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। जबकि जिस महिला हॉकी टीम से क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने की उम्मीद नहीं थी, उसने तीन बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराते हुए सेमी फाइनल में स्थान बनाकर सबको हतप्रभ कर दिया है।




# जानवर से की राहुल वैद्य के चेहरे की तुलना





**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर अर्जुल बिजलानी और टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी 11' इन दिनों लोगों को निशाने पर है। हाल ही में अर्जुन को सौरभ जैन के एलिमिनेशन के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था वहीं अब वो राहुल वैद्य की वजह से लोगों के निशाने पर आ गए हैं। कलर्स ने हाल ही में अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अपकमिंग एपिसोड का एक प्रोमो शेयर किया है जिसमें अर्जुन श्वेता तिवारी और राहुल वैद्य की तुलना किसी जानवर से करते दिख रहे हैं और ये बात लोगों को बिल्कुल नागवार गुज़र रही है और वो अर्जुन के साथ-साथ कलर्स चैनल पर भी बुरी तरह भड़क रहे हैं। लोग कलर्स पर बॉडी शेमिंग का आरोप लगाते हुए ट्विटर से अकाउंट को बैन करने की मांग कर रहे हैं।

### क्या है प्रोमो में...

~~प्रोमो में अर्जुन कहते हैं यहां ऐसे अजीबो गरीब प्राणी हैं कि देखकर आपके होश उड़ जाएंगे। इसके बाद एक्टर श्वेता~~ तिवारी को देखकर कहते हैं, 'श्वेता तिवारी एक चालाक लोमड़ी की तरह है अगर इसे अंगूर नहीं मिलते यानी स्टंट में जीत नहीं मिलती तो अंगूर खट्टे हैं'। इसके बाद अर्जुन, राहुल के लिए कहते हैं, 'ये है लकड़भग्गा...इसकी सिर्फ शक्ल लकड़भग्गे जैसी है बाकी इसमें ऐसी कोई क्वालिटी नहीं है'। कलर्स के इस प्रोमो पर फैंस काफी नाराज़गी जता रहे हैं। देखें।

### सौरभ की वजह से क्यों ट्रोल हुए अर्जुन...

दरअसल, शो के तीसरे हफ्ते में अर्जुन ने दो स्टंट किए और दोनों ही स्टंट वो हार गए और एलिमिनेशन राउंड में पहुंच गए। जब्कि सौरभ और श्वेता ने अपना टास्क पूरा किया था और वो सुरक्षित थे। लेकिन बाद में अर्जुन ने एलिमिनेशन स्टंट करने से मना कर दिया और अपने 'के मेडल' की पॉवर का इस्तेमाल करते हुए सौरभ को इस राउंड में भेज दिया। दुर्भाग्य से सौरभ ये स्टंट अनुष्का और महक से हार गए और शो से बाहर हो गए। सौरभ के जाने की वजह लोग अर्जुन को मान रहे हैं इसलिए उनके लिए नाराजगी ज़ाहिर कर रहे हैं।

# आज भी देखकर होता है दिमाग खराब

### नीना गुप्ता ने किया खुलासा, पैसों के लिए किया खराब फिल्मों में काम,



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता इस समय अपने करियर की ऊंचाइयों पर हैं। इन दिनों वह अपनी वेब फिल्म %डायल 100% को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में नीना गुप्ता नेगेटिव किरदार में नजर आने वाली हैं। वह इन दिनों डायल 100% का जोर-शोर से प्रमोशन भी कर रही हैं। ऐसे में नीना गुप्ता ने अपने करियर के खबर दिनों को याद किया है। साथ ही खबर फिल्मों में काम करने पर पछतावा व्यक्त किया है। नीना गुप्ता ने अंग्रेजी वेबसाइट फिल्मफेयर से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने निजी जिंदगी के साथ फिल्मी करियर को लेकर भी ढेर सारी बातें की हैं। नीना गुप्ता ने कहा है कि उन्हें अपने करियर की कुछ ऐसी फिल्मों में भी काम किया जिसका लिए वह हमेशा पछताती रहती हैं। हालांकि नीना गुप्ता ने इन फिल्मों में पैसों को कमी के चलते किया था। ताकि वह अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। नीना गुप्ता ने कहा, मैं अपनी शुरुआती फिल्मों में काम किया करती थी तो हमेशा दुआ करती थीं कि वह फिल्में कभी पर्दे पर रिलीज ही न हो। मैंने कई खराब किरदारों को निभाया क्योंकि मेर पास काम नहीं होता था। नीना गुप्ता ने कई टीवी सीरियल्स में भी काम किया है। जिसको लेकर अब उन्होंने कहा, मैंने टीवी पर कभी ऐसा काम नहीं किया जो मुझे पसंद न हो लेकिन फिल्मों में ऐसा नहीं था। मुझे पैसों की जरूरत थी इसलिए मुझे घटिया स्तर की फिल्में करनी पड़ीं जिसके बारे में आप सोच भी नहीं सकते हैं।दिग्गज अभिनेत्री ने आगे कहा, टीवी पर एक फिल्म बार-बार आती है और जब मैं उसमें अपने आपको देखती हूं तो मेरा दिमाग खराब हो जाता है। अब स्थिति ऐसी नहीं है और मेरे ऊपर जिम्मेदारी है तो अब मैं क्लियर हूं कि मुझे क्या पसंद है और मुझे कौन सा किरदार नहीं निभाना है। नीना गुप्ता के इस बयान की काफी चर्चा हो रही है। बात करें फिल्म डायल 100 की तो यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। नीना गुप्ता की यह क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में उनके साथ दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री साक्षी तंवर नजर आने वाली हैं। रेंसिल डिसिल्वा निर्देशित %डायल 100% का निर्माण सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया, सिद्धार्थ मल्होत्रा ??और सपना मल्होत्रा ??की अल्केमी फिल्म्स ने किया है। %डायल 100% एक रात की कहानी है और दर्शकों को चेतावनी देती है कि कैसे एक फोन कॉल सब कुछ बदल सकता है और सभी के जीवन को उल्टा कर सकता है।

# इस हफ़्ते आ रही हैं वेब सीरीज़ और फ़िल्में

## ज़ी5 पर 6 अगस्त को डायल 100




**नई दिल्ली।** सिनेमाघर खुलने को लेकर अनिश्चितताओं के बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फ़िल्मों और वेब सीरीज़ ने मनोरंजन की खुराक देने का सिलसिला जारी रखा है। अगस्त के पहले हफ़्ते में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कई दिलचस्प वेब सीरीज़ और फ़िल्में आ रही हैं। कुछ सीरीज़ के दूसरे सीज़न भी रिलीज़ होंगे। हिंदी के अलावा क्षेत्रीय भाषाओं में भी कुछ बेहतरीन कंटेंट इस हफ़्ते आ रहे हैं।ज़ी5 पर 6 अगस्त को डायल 100 रिलीज़ हो रही है। इस फ़िल्म का निर्देशन रेंसिल डिसिल्वा ने किया है। निर्देशक के तौर पर रेंसिल ने सैफ़ अली ख़ान और करीना कपूर ख़ान की फ़िल्म कुर्बान से करियर शुरू किया था। टीवी सीरीज़ 24 का निर्देशन उन्होंने किया। डायल 100 एक थ्रिलर फ़िल्म है, जिसमें एक रात की कहानी दिखायी गयी है। फ़िल्म में मनोज बाजपेयी, नीना गुप्ता और साक्षी तंवर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फ़िल्म में नीना का किरदार ग्रे शेड्स लिये हुए है। डिज़्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर 6 अगस्त को द लीजेंड ऑफ़ हनुमान एनीमेशन सीरीज़ के दूसरे सीज़न के सारे एपिसोड्स स्ट्रीम कर दिये जाएंगे। इस सीरीज़ में महावीर हनुमान के जीवन की घटनाओं को दिखाया जाता है। दूसरे सीज़न की हाइलाइट हनुमान और रावण का आमना-सामना है। शरद केल्कर इस सीरीज़ से सूत्रधार के तौर पर जुड़े हैं। 6 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर एंथोलॉजी वेब सीरीज़ नवरस रिलीज़ हो रही है। यह तमिल भाषा में है और इसमें तमिल सिनेमा के कई चर्चित कलाकार नज़र आएंगे, जिनमें सिद्धार्थ, विजय सेतुपति, सूर्या, अरविंद स्वामी, नागा शौर्य, रेवती जैसे कलाकार शामिल हैं। इन कहानियों का निर्देशन प्रियदर्शन, वसंत, गौतम वसुदेव, मेनन, बिजॉय नाम्बियार, कार्तिक सुब्बाराज, सरजुन केएम, कार्तिक नरेन, अरविंद स्वामी और रतींद्रन आर प्रसाद ने किया है। एमएक्स प्लेयर पर 6 अगस्त को मराठी वेब सीरीज़ आणि काय हव का तीसरा सीज़न आ रहा है। इस सीरीज़ में उमेश कामत और प्रिया बापट लीड रोल निभाते हैं। उमेश कामत का नाम हाल ही में राज कुंद्रा केस की वजह से चर्चा में रहा था। उमेश ने सोशल मीडया में साफ़ किया था कि वो राज कुंद्रा केस वाले उमेश कामत नहीं हैं। उमेश ने मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी फोटो इस्तेमाल करने पर भी नाराज़गी जतायी थी। प्रिया बापट को दर्शक इन दिनों डिज़्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज़ मायानगरी सिटी ऑफ़ ड्रीम्स सीज़न 2 में देख रहे होंगे। इस हफ़्ते छोटे पर्दे के सबसे विवादित शो बिग बॉस का ओटीटी वर्ज़न बिग बॉस ओटीटी वूट सिलेक्ट पर 8 अगस्त से शुरू हो रहा है। ओटीटी की दुनिया में पहली बार बिग बॉस की शुरुआत होगी। इस शो को सलमान ख़ान के बजाए करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। इसके 6 हफ़्ते बाद शो टीवी पर शुरू होगा, जिसे सलमान ख़ान होस्ट करेंगे। बिग बॉस ओटीटी में सिंगर नेहा भसीन के कंटेस्टेंट बनने की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इनके अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर पिछले हफ़्ते रिलीज़ हुई सिटी ऑफ़ ड्रीम 2, छत्रसाल, मिमी भी आप देख सकते हैं।



# अभी भी संभलने की जरूरत

## डेंगू-वायरल का बढ़ रहा प्रकोप कोरोना संदिग्ध पहुंचे मेडिकल





**जबलपुर, यशभारत।** अभी कोरोना की दूसरी लहर से बेहतर ढंग से जीना भी शुरू नहीं कर पाए कि तीसरी लहर को लेकर माथे में सिलवटें भी साफ नजर आने लगी है। चिंता की बात यह है कि कल नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल के सुपर स्पेशिलिटी में 7 कोरोना के संदिग्ध केस सामने आए है। हालांकि सभी की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है लेकिन चिकित्सकों का मानना है कि सातों केस में बीमारी के लक्षण वैसे ही जैसे कोरोना मरीज के होते हैं। इसमें मंडला निवासी एक महिला की मौत हुई जिसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। चिंता और आहत दोनों है, लेकिन अभी भी लोगों को जागरूकता के साथ अपना बचाव करते रहना चाहिए। वहीं दूसरी ओर डेंगू और वायरस के प्रकोप से लोग काफी परेशान है। रोज निजी अस्पतालों में डेंगू और वायरस मरीजों की संख्या बढ़ रही है। दोनों बीमारियों से निजात कब मिलेगी और कोरोना संदिग्ध की जानकारी कहीं खतरे की घंटी तो नहीं है। मौसम के बदलते ही बीमारियों का स्वरूप भी बदल गया है। कोरोना नियत्रिंत तो हो गया है।लेकिन विशेषज्ञों द्वारा तीसरी लहर की चेतावनी के बाद जहां सरकार ने इससे निपटने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी भी शुरू कर दी है वहीं ऐसे में एक सवाल उठ रहा है कि यदि जबलपुर में तीसरी लहर कहर बरपाती है तो प्रभावित मरीजों को कहां और कैसे भरती किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने वृहद स्तर पर तैयारी कर रखी है। मेडिकल, विक्टोरिया और मनमोहन नगर में पूरी व्यवस्था की हुई है। यह तैयारी दूसरी लहर के दौरान ही कर ली गई थी। जिला प्रशासन का कहना है कि हम तो पूरी तरह से सतकज़् हैं। संभावना के हिसाब से तैयारी पूरी है। सीएमएचओ डॉ. रत्नेश कुररिया का कहना है कि संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही तैयारी कर रखी है। मेडिकल कालेज अस्पताल, विक्टोरिया चिकित्सालय, मनमोहन नगर ,रानी दुर्गावती कोविड केयर सेंटर केन्द्र समेत विभिन्न सरकारी और निजी अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है ।3 हजार पलंग का इंतजाम किया हुआ है। बच्चों के लिए पीआईसीयू की संख्या बढ़ा रहे हैं। निजी चिकित्सालय में भी डेढ़ सौ से भी ज्यादा पलंग बढ़ाए जा रहे हैं। इसके अलावा विक्टोरिया में 20 बिस्तरों का एचडीयू और बच्चों के लिए पीआईसीयू की विशेष व्यवस्था की जा रही है। एल्गिन में भी बच्चों के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी ब्लाकों में आक्सीजन की व्यवस्था की गई है। विक्टोरिया पूरी तरह से आक्सीजन से लैस है हमने संभावनाओं को देखते हुए पूरी तैयारियां कर रखी हैं और अब लोगों को सहयोग करना होगा और बीमारी को लेकर जागरूक होना होगा। सरकारी हो या निजी अस्पताल दोनों पर ही कोरोना की संभावित लहर की तैयारी के साथ डेंगू पीड़ितों के इलाज की जिम्मेवारी बढगई है वहीं स्थानीय निकाय नगर निगम पर भी इससे निपटने की जिम्मेदारी आ गई है।

### सभी की रिपोर्ट आई निगेटिव



विश्व स्तनपान सप्ताह

# बच्चे के लिए मां का दूध अमृतः डॉ. आशा तिवारी

**जबलपुर, यशभारत।** नवजात शिशुओं के बेहतर जीवन के लिए मां को अपने नवजात बच्चे को स्तनपान कराने पर ही ध्यान देना चाहिए। गाय-बकरी के दूध के सेवन से बच्चें को बचाया जाना चाहिए। 6 माह तक बच्चों को मां का दूध मिलने से उनके बीमार होने की संभावना कम होती है। यह बात शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर आशा तिवारी ने आज मेडिकल कॉलेज में मनाए जा रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के मौके पर कही। विश्व स्तनपान सप्ताह की तैयारी मेडिल कॉलेज में व्यापक रूप से की गई नवजात शिशु के बच्चों की मां के लिए सात दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक कराया जाएगा। डॉ. आशा तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है। पोस्टर मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने बनाए है। जो बेहतर पोस्टर होगा उसे मेडिकल कॉलेज डीन के डॉ. प्रदीप कसार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ. श्रीमति तिवारी ने आगे बताया कि स्थानीय भाषाओं को ध्यान में रखते हुए जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित होंगे। मालूम हो कि विश्व स्तनपान सप्ताह 01 से 07 अगस्त तक मनाया जाना है, इस अवसर पर स्तनपान को बढ़ावा देने तथा शिशुओं एवं बच्चों, कुपोषण, शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है ।इसी के तहत मेडिकल कॉलेज जबलपुर में शिशु विभाग द्वारा पोस्टर-नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।



## मूंग उड़द खरीदी में किसानों से खिलवाड़

# 92 करोड़ का उपार्जन मात्र 6 करोड़ का भुगतान

**जबलपुर यश भारत।** पिछले 15 दिनों से प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग उड़द की खरीदी बंद है। जिससे किसान परेशान हो रहे लेकिन सबसे बड़ी समस्या उन किसानों के साथ है जिन्होंने समर्थन मूल्य केंद्रों पर अपनी उपज बेच दी है लेकिन एक माह का समय हो जाने के बाद भी उन्हें भुगतान प्राप्त नहीं हो रहा है। जानकारी के मुताबिक 4167 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द बेची गई थी जिसका लगभग 92 करोड़ 14 लाख रुपए मूल्य होता है जिसमें से मात्र लगभग 6 करोड रुपए का ही भुगतान शासन द्वारा किया गया है, शेष भुगतान लंबित है। जिस कारण किसान अधिकारियों के चक्कर काटने मजबूर है।

### लापरवाही प्रशासन की सजा किसानों को

इस पूरे मामले में जो बात सामने आ रही है उसमें मुख्य बिंदु यह है कि सरकार द्वारा जो अनुमान लगाया गया था उससे कहीं ज्यादा उपज केंद्रों पर पहुंच गई जिस कारण सरकार को गोलमाल की आशंका लग रही है। जबकि वास्तविकता यह है कि कृषि विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जो सर्वे किया गया था उसके आधार पर ही अनुमान लगाया गया जब सर्वे ही बंद कमरों में बैठकर होगा तो इस तरह की स्थितियां निर्मित होंगी ही जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है । क्योंकि किसानों द्वारा जो उपज दी गई है वह पूरी तरह से सरकारी नियमों के तहत है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते 15 दिन से पोर्टल कर बंद करके जांच का खेल खेला जा रहा है। अभी तक जांच में कुछ भी सामने नहीं आ रहा जिन की उपज विकी नहीं है वे स्वतंत्र हैं लेकिन जो किसान अपनी उपज सरकार को दे चुके हैं वे भुगतान के लिए परेशान हो रहे हैं।



**4000 से ज्यादा किसान पैसों के लिए काट रहे चक्कर, 15 दिनों से पोर्टल बंद, अधिकारियों के पास नहीं कोई जवाब**

**फैक्ट फाइल**

कुल उपार्जन- 129250 क्विंटल
मूंग- 1 2230 क्विंटल
उड़द- 7250
कुल किसान- 4167
भुगतान योग्य राशि- 92 करोड़ 14 लाख
कुल भुगतान- 6 करोड़ मात्र

### पैसों की किल्लत

इस पूरे मामले में एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि अभी तक 92 करोड़ों का उपार्जन तो कर लिया गया है लेकिन इसके भुगतान के लिए मात्र 15 करो? रुपए ही आए हुए हैं। जिसमें से छह करोड़ का भुगतान हो चुका है ऐसे में यह सवाल उठता है कि यदि पोर्टल प्रारंभ भी हो जाता है तो 15 करोड़ से कितने किसानों का भुगतान हो पाएगा। जबकि लंबित भुगतान 92 करोड़ का है और पोर्टल शुरू होते ही खरीदी भी शुरू हो जाएगी ऐसे में भुगतान की मात्रा भी बढ़ती जाएगी। ऐसी स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है कि यदि कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो किसानों को लंबे समय तक अपने पैसों के लिए चक्कर काटने पड़ेंगे।

> उम्मीद की जा रही है कि एक-दो दिन में उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा और जल्द से जल्द किसानों को उनका भुगतान कर दिया जाएगा जिसके विषय में कार्यवाही चल रही है।

**सुनील कुमार निगम**

# लार्डगंज में दिन दहाड़े चाकूबाजी

**पुरानी रंजिश पर चिंटू करिया ने राजा को घोंपा चाकू**

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा चौक पर आज सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई जब क्षेत्र में ही रहने वाले एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते दूसरे युवक के ऊपर चाकू से हमला कर दिया गंभीर रूप से घायल युवक को क्षेत्रीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया वही चाकू से वार करने वाला आरोपी फरार हो गया है। लार्डगंज थाना प्रभारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि गुप्ता कॉलोनी निवासी चिंटू करिया ने आज सुबह दुर्गा चौक में रहने वाले राजा नामदेव पर पुरानी रंजिश को लेकर हमला कर दिया। हमले में राजा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )